

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-21 अंक-313 सीहोर, शुक्रवार 07 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर संसद में बोले जयशंकर, हथकड़ी लगाना अमेरिकी नीति में...ऐसा पहली बार नहीं हुआ



नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका से अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में जवाब दिया। जयशंकर ने राज्यसभा में कहा कि यदि कोई नागरिक विदेश में अवैध रूप से रह रहा मिलाता है, तब उस नागरिक को वापस बुलाना सभी देशों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हम इस बात को सुनिश्चित करने के लिए अमेरिकी सरकार से संपर्क कर रहे हैं कि निर्वासितों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार न किया जाए। लोगों को हथकड़ी लगाने के मुद्दे पर विदेश मंत्री ने कहा कि अवैध लोगों को हथकड़ी लगाना अमेरिकी नीति में है। विदेश मंत्री ने कहा, हम जानते हैं कि बुधवार को 104 लोग वापस आए। हमारे पास इन लोगों की सूचना थी, हम ही हैं जिन्होंने उन लोगों के राष्ट्रीयता की पुष्टि की। जयशंकर ने कहा, हमें ऐसा नहीं सोचना चाहिए कि यह कोई नया मामला है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मामला है जो पहले भी होता रहा है।


# कई लोगों की देखी लाशें, 1 करोड़ खर्च किया, अमेरिका से डिपोर्ट हुए लोगों ने बताई 'डंकी रूट' की दास्तां




नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका ने 104 भारतीयों को वतन वापिस भेज दिया है। डिपोर्ट होकर भारत पहुंचे लोगों ने कई खुलासे किए है। जसपाल सिंह ने दावा किया कि पूरी यात्रा के दौरान उन्हें हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां बांधी गईं और अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरने के बाद ही उन्हें हटाया गया।

गुरदासपुर जिले के हरदोरवाल गांव के रहने वाले 36 वर्षीय सिंह ने बताया कि 24 जनवरी को अमेरिकी सीमा पार करने के बाद उन्हें अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने पकड़ लिया था। विभिन्न राज्यों से 104 अवैध प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार को यहां उतरा। अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत डोनाल्ड ट्रंप सरकार द्वारा वापस भेजा गया यह भारतीयों का पहला जत्था है। गृह नगर पहुंचने के बाद जसपाल ने बताया कि एक ट्रैवल एजेंट ने उनके साथ धोखाधड़ी की है, क्योंकि उनसे वादा किया गया था कि उन्हें कानूनी तरीके से अमेरिका भेजा जाएगा। जसपाल ने कहा, मैंने एजेंट से कहा था कि वह मुझे उचित वीजा (अमेरिका के लिए) के साथ भेजे। लेकिन उसने मुझे धोखा दिया। उन्होंने बताया कि सौदा 30 लाख रुपए में हुआ था। जसपाल ने दावा किया कि वह पिछले साल जुलाई में हवाई जहाज से ब्राजील पहुंचा था। उसने कहा कि वादा किया गया था कि अमेरिका की अगली यात्रा भी हवाई जहाज से ही होगी। हालांकि उसके एजेंट ने उसे धोखा दिया, जिसने उसे अवैध रूप से सीमा पार करने के लिए मजबूर किया।

### अमेरिकी सैनिकों ने क्यों बांधे हाथ-पैर? पीलीभीत के गुरप्रीत ने बताया पूरा सच; 37 लाख खर्च करके गया था विदेश



बरेली(ए.)। अमेरिका से वापस भेजे गए अवैध प्रवासी भारतीयों में उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले का गुरप्रीत सिंह भी शामिल है। पूरनपुर निवासी गुरप्रीत सिंह को दिल्ली से लेकर आई पुलिस टीम ने पूछताछ के बाद परिजन को सौंप दिया। कर्ज लेकर 22 लाख रुपये खर्च कर डंकी के जरिए अमेरिका पहुंचे गुरप्रीत को अमेरिका की सीमा में प्रवेश करते ही अमेरिकी फोर्स ने पकड़ लिया। 22 दिन तक अमेरिका में डिटेंशन कैंप में रखने के बाद वापस भारत भेज दिया। गांव बंजरिया निवासी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि स्टडी वीजा पर सितंबर 2022 में 15 लाख रुपये खर्च कर नगर में आईलेट सेंटर चलाने वाले संचालक के माध्यम से इंग्लैंड गया था। इंग्लैंड में स्टडी वीजा पर विदेश भेजने वाले से छह महीने की फीस जमा करना तय हुआ था, लेकिन उसने दो महीने की फीस नहीं जमा की। इस वजह से इंग्लैंड में उसे स्कूल से निकाल दिया गया। इसके बाद मजदूरी कर इंग्लैंड में रहता रहा। इस दौरान वीजा की अवधि समाप्त हो गई।

## इन राज्यों में तूफानी बारिश का अलर्ट, पहाड़ों पर बर्फबारी; जानें दिल्ली में कैसा रहेगा मौसम का हाल




नई दिल्ली(ए.)। गुरुवार और शुक्रवार को नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में मौसम खराब रह सकता है। गरज के साथ तेज बारिश और आंधी का असर असम और आसपास के इलाकों में दिख सकता है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में पिछले 24 घंटों में बारिश दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश के मथुरा, आगरा, अलीगढ़ और फिरोजाबाद समेत कई जिलों में भी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश के कारण ठंड बढ़ गई है और कई इलाकों में कोहरा छाया हुआ है।

फरवरी महीने के शुरू होते ही देश में गर्मी बढ़ने लगी है। कई राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। दिल्ली में भी पारा ऊपर-नीचे हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक फरवरी के महीने में दिल्ली में कम ठंड देखने को मिली। वहीं, पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 48 घंटों में लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि बांग्लादेश और असम के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बन रहा है। इसके चलते असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश हो सकती है। अगले 48 घंटों में इन इलाकों में गरज-तड़प के साथ तेज बारिश की संभावना है।

आने वाले 24 घंटों में भी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने की संभावना है। बिहार के भी कई जिलों में बारिश हो रही है, जिससे ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जिससे विजिबिलिटी कम हो सकती है।

## स्कूटी खरीदने के लिए सभी जिलों को राशि भेजी गई है : डॉ. यादव

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा प्रावीण्य सूची के बच्चों को स्कूटी का वितरण किया जा चुका है। अब बच्चे अपनी पसंद और आवश्यकता के अनुसार पेट्रोल या इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीद सकते हैं। इसके लिए सभी जिलों को राशि पहुंचा दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आधुनिक समय में बच्चों के बौद्धिक विकास में लैपटॉप सहायक है, जल्द ही कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि अंतरित की जाएगी। विद्यार्थियों को जो अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के बल पर उपलब्धि अर्जित कर रहे हैं उन्हें प्रोत्साहित करना राज्य शासन का दायित्व है।

# अप्रवासी मामले में विपक्ष ने हथकड़ी पहन सदन के बाहर किया प्रदर्शन

नई दिल्ली,(ए.)। बजट सत्र के पांचवें दिन अमेरिका से अप्रवासी भारतीयों को हथकड़ी लगा सेना के विमान से अमृतसर भेजे जाने के मामले को लेकर विपक्ष ने संसद में जोरदार हंगामा किया। विपक्ष के सांसदों ने जहां सरकार शर्म करो के नारे लगाए, वहीं सदन के बाहर आकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इससे संदेश गया है कि विपक्ष अब इस मामले को लेकर सरकार के खिलाफ सदन से लेकर सड़क तक विरोध करने को तैयार है।

इससे पहले हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। विपक्ष के कुछ सांसदों ने सदन के बाहर अपने हाथों में हथकड़ी पहन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान अनेक सांसदों ने पोस्टर भी लहराए जिसमें लिखा था- बेड़ियों में हिंदुस्तान, नहीं सहेंगे यह अपमान। विपक्ष के प्रदर्शन के दौरान वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा

**-सदन से लेकर सड़क तक विरोध के मूड में विपक्ष**



कि बातें तो बहुत की गईं थीं कि मोदी जी और ट्रम्प जी बहुत अच्छे दोस्त हैं, फिर आखिर मोदी जी ने ऐसा क्यों होने दिया? प्रियंका ने सवाल करते हुए कहा कि क्या इस तरह का व्यवहार इंसानों के साथ किया जाता है कि उनको हथकड़ियां और बेड़ियां पहनाकर उनके अपने देश भेजा जाए? यह कैसा तरीका है, इस पर पीएम को जवाब देना चाहिए। वहीं कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर का कहना था कि भारतीय प्रवासियों को इस तरह से अमेरिका से बाहर निकालने पर संपूर्ण देश हैरान है। यह सीधे-सीधे मानवाधिकारों का हनन है। सवाल यही है कि इस मामले में आखिरकार सरकार चुप क्यों है।

### बजट सत्र : अवैध प्रवासी मामले को लेकर सदन में जोरदार हंगामा, राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली,(ए.)। संसद के बजट सत्र का आज पांचवां दिन है और अमेरिका से अवैध प्रवासियों को भारत भेजे जाने का मामला तूल पकड़ा हुआ है। इस मामले को लेकर लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सदन में भारी हंगामा शुरू हो गया। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरु हुई, लेकिन हंगामे के चलते दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित भी कर दी गई।

अमेरिका से अवैध प्रवासी भारतीयों को सेना के विमान से वापस भारत भेजे जाने को लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों को शांत करते हुए कहा है, कि आप सभी की चिंता सरकार के ध्यान में है।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ चंद्रगिरि तीर्थ स्थल पर प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव एवं श्री 1008 सिद्धचक्र विधान विश्व शांति महायज्ञ में शामिल हुए और राजनांदगांव में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मध्यप्रदेश को लगातार 7 बार मिले हैं कृषि कर्मण अवार्ड

भोपाल (ए.)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयास से कृषि के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है। मध्यप्रदेश को वर्ष 2011-12 से 2017-18 तक लगातार 7 बार कृषि कर्मण अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है।

मध्यप्रदेश वर्ष- 2011-12, 2012-13 एवं 2014-15 में कुल खाद्यान्न केटेगरी के लिए, वर्ष- 2013-14, 2015-16 एवं 2016-17 में गेहूं फसल के लिये और वर्ष 2017-18 में दलहन फसल के लिये कृषि कर्मण अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। वर्ष- 2022 में मध्यप्रदेश के भू-अभिलेखों के एकीकरण के लिये केन्द्र सरकार द्वारा फसल बीमा योजनांतर्गत उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया है।

## इंदौर में पुलिस अफसर की पिटाई पर गरमाई राजनीति, पटवारी बोले- बेखौफ गुंडे मारपीट का वीडियो भी बनाने लगे



इंदौर (ए.)। इंदौर में एक पुलिस सब इंस्पेक्टर के साथ हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इस घटना का जिक्र करते हुए मोहन सरकार को निशाने पर लिया है।

पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। जिस इंदौर के प्रभारी मंत्री मोहन यादव है। वहां गुंडे खुलेआम न केवल पुलिस अफसरों को पीट रहे है,बल्कि उसका वीडियो बनाकर उसे वायरल भी कर रहे है।

जब इंदौर जैसे शहर में पुलिस अफसरों के ये हाल है तो फिर आम जनता कितनी सुरक्षित होगी। क्या यही डबल इंजन सरकार की कानून व्यवस्था का मॉडल है। पटवारी ने आगे यह भी कहा कि भोपाल से इंदौर के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का किराया 910 रुपये है, कभी समय निकाल जाइये। कानून व्यवस्था भले ही ठीक न हो, वीडियो जरूर अच्छा बन जाएगा। आपको बता दे कि इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र के सब इंस्पेक्टर ने तीन युवकों को शराब पीने से रोका था। तो युवकों ने सब इंस्पेक्टर को चांटे मारे। उनका वायरलैस सेट छिना और इस दौरान नकली पुलिसकर्मी बताते हुए सब इंस्पेक्टर का वीडियो भी वायरल कर दिया।

## अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को एक लाख रूपये तक का अनुदान

सीहोर(निप्र)। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा 07 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर पर 10 हजार रूपये से एक लाख रूपये तक का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए 18 वर्ष से 55 वर्ष आयु तक के आवेदक पोर्टल www.samast.mp.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। यह ऋण निर्धारित समय एवं राशि की शर्त पर दिया जायेगा एवं शासन द्वारा गारंटी फीस देनी होगी। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 121 एवं 122 में कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है तथा मोबाइल नंबर 9993083259 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- शव के साथ यौन संबंध अपराध नहीं



नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के बाद शव के साथ यौन संबंध के एक मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। हाई कोर्ट ने शख्स को रेप के आरोप से बरी कर दिया था, लेकिन हत्या की सजा कायम रही। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में नेक्रोफिलिया यानी शव के साथ कामुकता को अपराध नहीं माना गया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस मामले में कर्नाटक सरकार की ओर से अडिशनल एडवोकेट जनरल अमन पंवार ने तर्क दिया कि आईपीसी की धारा 375(सी) में शरीर शब्द को मृत शरीर भी शामिल माना जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि रेप की परिभाषा के तहत प्रावधान में कहा गया है कि यदि कोई महिला सहमति नहीं दे सकती है तो इसे बलात्कार माना जाएगा। इसी तर्क के आधार पर मृत शरीर भी सहमति नहीं दे सकता, इसलिए यह अपराध बलात्कार की श्रेणी में आना चाहिए। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और कहा कि नेक्रोफिलिया भारतीय दंड संहिता के तहत कोई अपराध नहीं है, इसलिए वह हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं है।

बता दें कि अस्पतालों और मुर्दाघरों में युवतियों के शवों के साथ यौन संबंध की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन भारत में ऐसे मामलों के लिए कोई विशेष कानून नहीं है। नेक्रोफिलिया एक मनो-यौन विकार है। यह सही समय है कि केंद्र सरकार मृत व्यक्ति, विशेषकर महिलाओं की गरिमा बनाए रखने के लिए आईपीसी की धारा 377 में संशोधन करे और नेक्रोफिलिया को अपराध घोषित करे, जैसा कि यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में किया गया है।




## ड्रोन तकनीक से फसलों के उत्पादन में होगी वृद्धि

सीहोर(निप्र)। कैबिनेट बैठक में मध्यप्रदेश ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति-2025 की स्वीकृति प्रदान की गई है। ड्रोन तकनीक से खेतों की सटीक स्थिति का मूल्यांकन हो सकेगा, जिससे फसलों के उत्पादन में वृद्धि होगी। फसलों में बीमारी, कीट और पर्यावरणीय प्रभावों की शीघ्र पहचान की जा सकेगी। इससे जल का कुशल उपयोग, जल संरक्षण में वृद्धि और सिंचाई लागत में कमी आएगी। ड्रोन से कृषि उत्पादकता और फसलों की गुणवत्ता में सुधार होगा। किसानों को ड्रोन प्रौद्योगिकी से नई कृषि पद्धतियों का लाभ मिलेगा।

## गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन से पशुपालकों की आय भी बढ़े

सीहोर (निप्र)। गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है गौ-वंश की उचित देखभाल हो, उन्हें समुचित आहार एवं पोषण मिले और इसके साथ पशुपालकों की आय भी बढ़े। इसके लिए सरकार कई योजनाएं ला रही है। पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। पंजीकृत गौशाला में रहने वाले पशुओं को पहले 20 रुपए प्रति दिन प्रति पशु आहार अनुदान दिया जाता था, जिसे अब बढ़ाकर 40 रुपए किया जा रहा है।

# महाकुंभ तीनों अमृत स्नान पूरे, आज से शुरु होगी अखाड़ों की विदाई

## 13 में से 7 सन्यासी अखाड़ों के नागा साधु काशी जाएंगे



प्रयागराज,(ए.)। महाकुंभ का गुरुवार को 25वां दिन है। मेला 26 फरवरी तक चलेगा। हालांकि, तीनों अमृत स्नान पूरे होते ही, अखाड़े जाने की तैयारी करने लगे हैं। 13 में से 7 संन्यासी अखाड़ों के नागा साधु और संन्यासी यहां से काशी जाएंगे। अखाड़े 7 फरवरी से जाना शुरू करने वाले है। जबकि उदासीन के तीनों अखाड़ों के साधुओं ने जाना शुरू कर दिया है।

बैरागी के 3 अखाड़े भी एक-दो दिन में जाना शुरु करने वाले है। कुछ संत 12 फरवरी, माघी पूर्णिमा स्नान तक रुक सकते हैं। महामंडलेश्वर स्वामी वीरेंद्र गिरि महाराज ने बताया कि उनकी परंपरा के अनुसार, तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी) के बाद वे काशी के लिए रवाना होते हैं। जाने से पहले अखाड़े के सदस्य कढ़ी-पकौड़ी बनाते हैं और इस प्रसाद के रूप में वितरित करते हैं। अन्य संस्थाएं और वैष्णव अखाड़े पूर्णिमा या शिवरात्रि तक रहते हैं, लेकिन उनके अखाड़े तीनों स्नान के बाद ही प्रस्थान कर जाते हैं। वह भी 7 फरवरी को यहां से प्रस्थान कर जाएंगे।

वहीं पंच अग्नि अखाड़ा के राष्ट्रीय महामंत्री सोमेश्वरानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि हमारे तीनों अमृत स्नान हो चुके हैं। अब आगे 12 तारीख को पूर्णमासी का पर्व स्नान है, जो आम जनता और महात्माओं के लिए महत्वपूर्ण है। ये जो धर्मध्वज देख रहे हैं, उसकी 4 रस्सियों को तनी कहते हैं। समापन के समय, हम इन तनियों की पूजा करके, देवताओं को धन्यवाद देते हैं। सभी तनों यानी रस्सियों को सभी मढ़ियों (पुरी, गिरि, भारतीय, सरस्वती) के प्रमुख के द्वारा खोल दिया जाता है।

अग्नि अखाड़ा के राष्ट्रीय महामंत्री सोमेश्वरानंद बताते हैं कि कढ़ी पकौड़ी बेसन की, रास्ता देखो स्टेशन की यह स्लोगन इसलिए देते है कि जब सभी अखाड़े उठने वाले होते हैं, तब उससे पहले अखाड़ा में कढ़ी और पकौड़ी बनाई जाती है।



# भोपाल में बनेगा संत शिरोमणि विद्यासागर जी का स्मृति स्थल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## तप, त्याग, सेवा, संयम, समर्पण जैसे शब्द विद्यासागर जी के व्यक्तित्व के सम्मुख छोटे लगते हैं

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज की स्मृति में भोपाल में स्मृति स्थल विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर विधानसभा परिसर में आयोजित गुरु गुणानुवाद सभा में गुरु वंदना कर अतिशय पुण्य अर्जित करने पधारे समर्पित भक्तों का राज्य शासन की ओर से अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी ने अपने जीवन में सभी आवश्यक नियमों का पालन किया। संत परंपरा का अनुसरण करते हुए उनके प्रकृति के साथ संबंध, जीवन शैली, मानव सेवा और समाज को मार्गदर्शन के माध्यम से वे अपने जीवन काल में ही देवता के रूप में स्वीकारे जाने लगे। व्यक्तिगत जीवन में तप, संयम, त्याग, सेवा, समर्पण जैसे शब्द उनके व्यक्तित्व के सम्मुख छोटे पड़ जाते हैं। कार्यक्रम में सांसद भोपाल आलोक शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, विधानसभा के प्रमुख सचिव ए.पी. सिंह, जनप्रतिनिधि राहुल कोठारी तथा जैन समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजबंधु



उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री का मुकुट और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया स्वागत**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम में आयोजनकर्ताओं ने मुकुट तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिवादन किया। उनको शॉल भी सम्मानपूर्वक भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत शिरोमणि श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित किया तथा मुनिश्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जीवन और कृतित्व पर आधारित 25 पुस्तकों का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्हें नेमावर में संत-श्री के सानिध्य का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। साक्षात देवता के दर्शन के समान प्रतीत होता संत-श्री का अलौकिक व्यक्तित्व जीवन को धन्य करने वाला था। जैन और सनातन दर्शन में आत्मा की भूमिका आवागमन की बताई गई है। यह माना जाता है कि वस्त्र बदलने के समान ही पवित्र आत्मा शरीर बदलती है। इस दृष्टि से यह मानना कि महाराज जी हमारे बीच नहीं है, व्यर्थ है। वास्तविकता यह है कि उन्हें स्मरण करने और मन की आंखों से देखने के क्षणिक प्रयास मात्र से ही आचार्य श्री विद्यासागर जी के आस-पास होने की सहज अनुभूति होती है। उनके व्यवहार, स्वरूप और विचार के प्रभाव के परिणाम स्वरूप सभी व्यक्ति उन्हें अपना मानते थे। प्रदेशवासियों में संत-श्री के प्रति इतने अपनत्व और आदर का भाव था कि यह किसी को अनुभूति ही नहीं होती थी कि वे कर्नाटक से हैं।

**संत-श्री ने जीवन के कई क्षेत्रों में समाज को दिशा दी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी ने अपनी इच्छा शक्ति से जीवन के कई क्षेत्रों में समाज को दिशा दी।

# लोक निर्माण मंत्री के निर्देश पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की हुई जांच

### एक कार्यपालन यंत्री और दो उपयंत्रियों पर कार्रवाई

भोपाल (ए.)लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये औचक निरीक्षण की नवीन पहल प्रारंभ की गई हैं। इसके तहत हर माह की 5 और 20 तारीख़ को सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडम तरीके से चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में हाल ही में लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के एक-एक जिले में मुख्य अभियंताओं की टीमों द्वारा निरीक्षण किया गया। प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, भरत यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई। बैठक में निरीक्षण किए गए सात जिलों के 35 निर्माण कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे सॉफ्टवेयर पर अपलोड कर पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया। बैठक में प्रबंध संचालक भवन विकास निगम पंकज जैन, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता एस.आर. बघेल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं समस्त मुख्य अभियंता उपस्थित रहे। प्रबंध संचालक श्री यादव ने सड़क, भवन और पुल निर्माण कार्यों के निरीक्षण के लिए अलग-अलग चेकलिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण रिपोर्ट के लिए एक मानक फॉर्मेट तय करने का सुझाव दिया, जिससे निर्माण कार्यों की कमियों और सकारात्मक बिंदुओं को स्पष्ट रूप से दर्शाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि निरीक्षण के दौरान लिए गए नमूनों की लैब रिपोर्ट आने के बाद सभी दलों को फाइनल निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

समीक्षा बैठक में सिंगपुर-धरमपुर रोड से मझपुरा रोड के निर्माण कार्य में गुणवत्ता में गंभीर कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए उपयंत्री को निलंबित करने एवं कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया। ठेकेदार मेसर्स माँ शारदा कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर पन्ना को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिये गये। प्रबंध संचालक श्री यादव ने पन्ना जिले में वन स्टॉप सेंटर भवन कार्य में पाई गई कमी के आधार पर उपयंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। भोपाल जिले में भोपाल-देवास मार्ग में कि.मी. 20, 23,24 एवं 25 में कुछ स्थानो पर सरफेस में क्रेक एवं रफनेस पाई गई। मार्ग में डिवाईडर में पेंटिंग एवं साईन बोर्ड तथा शोल्डर मापदण्ड अनुसार नही पाये गये। इसके लिये ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों को 7 दिवस में सुधार कार्य करने के लिये निर्देशित किया गया। ग्वालियर जिले में सड़क कार्य पटेल का पुरा से गुरी बंजारों का पूरा मार्ग में निरीक्षण में ठेकेदार के द्वारा सी.आर.एम. एवं डब्ल्यू.एम. का कार्य मानक स्तर का नहीं किये जाने के एवं कार्य में विलंब के कारण ठेकेदार मेसर्स कामतानाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी मुरैना को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिये गये।

# टोटल रिकॉल/सौरभ के मामले को दबा रहीं हैं जांच एजेंसियां: जीतू पटवारी



भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया है कि परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के मामले को जांच एजेंसियां दबाने में जुटी हैं। सभी के बयान एक ही दिशा में आ रहे हैं। छापे में जब्त डायरियां कहां हैं और उनमें जिनके नाम हैं, उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही हैं। इससे लोकायुक्त सहित अन्य एजेंसियों की जांच की विश्वसनीयता पर सवाल हैं। उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियों को जांच की एक ही दिशा रखना चाहिए। पूर्व मंत्रियों की संलिप्तता को भी देखा जाना चाहिए। जब्त दस्तावेजों और डायरियों की भी जांच हो, तभी कथित हजारों करोड़ के परिवहन घोटाले के अजगर पकड़े जाएंगे। जांच एजेंसियों को चैकपोस्ट बंद होने के बाद भी अवैध वसूली की जो शिकायतें सामने आई हैं, न केवल उनकी जांच करनी चाहिए बल्कि टोल नाकों से अवैध वसूली पर भी नजर रखनी चाहिए।

अब असली अपराधियों को दंड दिलाने की परीक्षा जांच एजेंसियों के सामने: उमा

पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेत्री उमा भारती ने बुधवार को इंटरनेट मीडिया एक्स पर पोस्ट भेजकर असली अपराधियों को दंड दिलाने की बात कही है। उन्होंने लिखा चेक पोस्ट घोटाले के आरोपी पकड़े गए हैं। अगर जांच में कहीं यह साबित होता है कि इन्होंने अकेले ही यह घोटाले किए हैं तो फिर गहराई में जाने पर यह घोटाला एक गंभीर मसला हो सकता है। जों जांच एजेंसियां जांच में लगी हैं, उनकी दक्षता एवं निष्पक्षता पर लोगों को विश्वास है। इन एजेंसियों के लिए यह परीक्षा की घड़ी है कि वह यह बात यहीं खत्म कर देते हैं या गहराई में जाकर के असली महाअपराधियों को पकड़ कर, प्रमाण जुटा कर उन्हें कठोरतम दंड दिला लेते हैं।

नहीं आए बयान देने विधायक पाठक के परिजनों की कंपनी के संचालक

हाउसिंग कारपरिशन इन्वेस्टमेंट समूह की जमीन और औने-पौने दाम में बेचने के मामले में विक्रेता और क्रेता कंपनियों के संचालक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में बयान देने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। ईओडब्ल्यू ने बुधवार को संजय पाठक के परिजनों की हिस्सेदारी वाली कंपनी नायसा देवबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड के दो संचालकों को बयान देने के लिए बुलाया था, पर उन्होंने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से आवेदन देकर अतिरिक्त समय मांगा है। कटनी व जबलपुर में 200 एकड़ जमीन खरीदी के मामले में उनसे पूछताछ की जानी थी। इसके पहले सोमवार को विक्रेता कंपनियों के तीन अधिकारियों को बयान देने के लिए बुलाया था, पर वही भी नहीं आए। मंगलवार को सिर्फतीन लोगों के बयान हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इस मामले में मिली एक शिकायत के आधार पर ईओडब्ल्यू ने पिछले माह प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज की थी। स्वास्थ्य विभाग ने बैरसिया अस्पताल के जिस डा. प्रांजल खरे के नियुक्ति आदेश को निरस्त किया है, उससे निरंतर सेवा लेना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर तिवारी को महंगा पड़ गया है।

# भोपाल मंडल को इंटर डिविजनल टिकट चेकिंग शील्ड सहित 6 दक्षता शील्ड मिली




भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेलवे के 69वें रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय महोदया द्वारा विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार आवंटित किये गये7 इस अवसर पर जबलपुर में आयोजित भव्य समारोह में रेल कर्मचारियों एवं भोपाल, जबलपुर और कोटा मंडल के विभिन्न विभागों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए भोपाल मंडल को कुल 6 दक्षता शील्ड प्राप्त हुई हैं, जो मंडल की उत्कृष्ट सेवाओं और प्रयासों को दर्शाती हैं। भोपाल मंडल के चार कर्मचारियों को व्यक्तिगत पुरुस्कार महाप्रबंधक महोदया द्वारा प्रदान किये गए । साथ ही भोपाल मंडल को इंटर डिविजनल टिकट चेकिंग ,विद्युत, इंजीनियरिंग, संरक्षा, राजभाषा और सर्वश्रेष्ठ अनुरक्षित रनिंग रूम शील्ड प्रदान की गई। इन प्रतिष्ठित शील्डस को भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी एवं मंडल के शाखाधिकारियों ने महाप्रबंधक से प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर भोपाल मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्षोल्लास है। भोपाल मंडल ने इन विभागों में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रेलवे सेवा को अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित बनाया है। रेल प्रशासन ने सभी पुरस्कृत विभागों को बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।

### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कॉल-सेन्टर में 550 से बढाकर 800 की गयी चैनल संख्या

भोपाल (ए.)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निदान करने के लिए केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर 1912 का लगातार उन्नयन करते हुए इनकमिंग चैनलों की संख्या को 550 से बढाकर 800 किया गया है। इससे उपभोक्ताओं के अधिकतम कॉल सुने जा सकेंगे। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि कॉल-सेंटर का उन्नयन होने से वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी को कुल 89 लाख 96 हजार 106 कॉल प्राप्त हुईं, इनमें से 99.64 प्रतिशत कॉल को सफलतापूर्वक सुना गया है।

# ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारका एवं शिर्डी यात्रा के लिए रवाना होगी आई.आर.सी.टी.सी. की भारत गौरव पर्यटक ट्रैन

### भोपाल मंडल के रानी कमलापति एवं इटारसी से होकर गुजरेगी



भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश के तीर्थयात्रियों के लिए एक विशेष अवसर—आईआरसीटीसी द्वारा संचालित भारत गौरव पर्यटक ट्रेन, जो 25 मार्च 2025 को रीवा से रवाना होगी। इस ट्रेन के माध्यम से यात्री ज्योतिर्लिंगों और अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा कर सकेंगे। यह विशेष ट्रेन रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, शुजालपुर, इंदौर, देवास, उज्जैन और रतलाम जैसे प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जहाँ से यात्री इसमें सवार हो सकते हैं। 10 रातों/11 दिनों की इस यात्रा में द्वारका, सोमनाथ, त्र्यंबकेश्वर, शिरडी, भीमाशंकर और घृष्णेश्वर जैसे प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों का भ्रमण शामिल होगा। आईआरसीटीसी द्वारा इस यात्रा के लिए विशेष रूप से एलएचबी कोच वाली भारत गौरव ट्रेन चलाई जा रही है, जिसमें यात्रियों के लिए सुविधाजनक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड एवं ऑफ-बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, आवास, टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा और ऑन-बोर्ड सुरक्षा जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। यात्रा में शामिल होने के इच्छुक यात्री आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट ((www.irctctourism.com)) पर जाकर बुकिंग कर सकते हैं। यह यात्रा विशेष रूप से उन श्रद्धालुओं के लिए एक अनुकूल विकल्प हो सकती है, जो एक ही यात्रा में कई महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन करना चाहते हैं।




सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने राज्य ऋण संगोष्ठी में राज्य फोकस पेपर 2025-26 पुस्तिका का विमोचन कर राज्य में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले हितग्राहियों का विशेष सम्मान किया।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन तैयार: जल्द ही लंबी दूरी की आरामदायक यात्रा के एक नये युग की शुरुआत

### पहली तैयार ट्रेन ने लंबी दूरी का ट्रायल पूरा किया; आईसीएफ इस साल के अंत तक नौ और वंदे भारत वीबी स्लीपर ट्रेन देगा

भोपाल (निप्र)। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन तैयार होने के साथ भारतीय रेलवे लंबी दूरी की यात्रा में क्रांति लाने के लिए तैयार है, जो देश के सबसे तेजी से बढ़ते बेड़े का एक अत्याधुनिक संस्करण है। विश्वस्तरीय, हाई-स्पीड स्लीपर ट्रेन का सपना अब हकीकत बन चुका है क्योंकि पहली 16-डिब्बों वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने 15 जनवरी 2025 को मुंबई-अहमदाबाद खंड में पांच सौ चालीस किलोमीटर की दूरी के लिए अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) के कठोर परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई ने पिछले साल 17 दिसंबर को भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट का निर्माण पूरा किया। एक पखवाड़े के भीतर ट्रेन को कोटा डिवीजन में लाया गया और पिछले महीने के पहले सप्ताह में लगातार तीन दिन तक 30 से 40 किलोमीटर की छोटी दूरी के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया, जहां इसने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से आरामदायक यात्रा का अनुभव हासिल किया। यह उपलब्धि रेलवे के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण छलांग है, जो यात्रियों के लिए एक बेरोकटोक और शानदार यात्रा के अनुभव का वादा करती है। आराम, गति और अत्याधुनिक तकनीक पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ, वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें आने वाले दिनों में लोगों को रात भर की यात्राओं की नई परिभाषा देने के लिए तैयार हैं। प्रोटोटाइप के सफल परीक्षण के बाद, अप्रैल से दिसम्बर 2025 के बीच नौ और वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट का उत्पादन निर्धारित है। ये ट्रेनें लंबी दूरी के यात्रियों के लिए दक्षता और सुविधा के मामले में नए मानक स्थापित करेंगी।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए 62 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

भोपाल (आरएनएस)। गुरूवार, फरवरी 6, 2025, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 62 हजार 77 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया है कि वर्ष 2025-26 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रूपये अधिक है। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की विक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए जिला बुरहानपुर में 2, बड़वानी में 17, खरगोन में 189, खंडवा में 339, अलीराजपुर में 13, झाबुआ में 776, धार में 4202, इंदौर में 9381, नीमच 134, मंदसौर 362, आगर-मालवा में 823, शाजापुर में 3710, देवास में 4035, रतलाम में 2211, उज्जैन में 11344, ग्वालियर में 55, शिवपुरी में 23, गुना में 23, दतिया में 142, अशोकनगर में 6, भिंड में 4, मुरैना में 96, श्योपुर में 43, छिंदवाड़ा में 157, सिवनी में 61, डिंडौरी में 21, कटनी में 14, नरसिंहपुर में 215, मंडला में 353, हरदा में 173, बैतूल में 362, नर्मदापुरम में 1793, विदिशा में 1563, राजगढ़ में 1096, रायसेन में 1969, भोपाल में 1975, सीहोर में 12596, सतना में 48, सीधी में 75, रीवा में 44, सिंगरौली में 19, मैहर में 3, उमरिया में 64, अनूपपुर में 9, शहडोल में 239, पन्ना में 37, सागर में 419, दमोह में 124, छतरपुर में 289, निवाड़ी में 88 और टीकमगढ़ में 341 किसानों ने पंजीयन कराया है।

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शिवराज सिंह चौहान की कार्य शैली से, ट्रेन में नागरिकों से की मुलाकात

भोपाल (आरएनएस)। नरसिंहपुर जिला साईंखेड़ा नगर के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष द्वारका प्रसाद चौकसे की बेटी श्रीमती भारती राय एनेद्र राय, द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात ट्रेन में की गई।

## पिता के सामने बेटे को बस ने कुचला: अब जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा युवक,फुटेज देख दहल जाएगा दिल

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. जहां एक बस ने पिता के सामने ही बेटे को कुचल दिया. हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां वह जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है। यह घटना शाहजहानाबाद थाना इलाके के LBS हॉस्पिटल के सामने की है. बताया जा रहा है कि विदिशा के रहने वाले नवल कुशवाह बुधवार को बेटे शिवजीत का चेकअप कराने आए थे. इलाज के बाद वो अस्पताल से बाहर निकले. तभी सड़क पार करने के लिए शिवजीत ने दौड़ लगाई. इस दौरान शाहजहांनाबाद की ओर से आ रही सिटी बस उस पर चढ़ गई। पिता ने उसे पीछे से पकड़ने की कोशिश की, लेकिन तब तक बस ने उसे कुचल दिया था. इसके बाद ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए. घटनास्थल पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने युवक किसी तरह बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया. जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है. यह घटनाक्रम पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## शिक्षक भर्ती में नए नियमों से अतिथि शिक्षकों पर संकट,अनुभव प्रमाण किया अनिवार्य,नियम मे संशोधन की मांग

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। शिक्षको इस भर्ती में लागू किए गए नए नियमों के कारण अनेक अतिथि शिक्षकों को आवेदन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से, अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करने की अनिवार्यता ने सैकड़ों शिक्षकों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। अतिथि शिक्षक नए नियमों में संशोधन करने की मांग कर रहे हैं। वर्तमान भर्ती प्रक्रिया के तहत अतिथि शिक्षकों के लिए तीन सत्र (200 दिवस प्रति सत्र) का अनुभव अनिवार्य किया गया है। लेकिन कई शिक्षकों का तीसरा सत्र अप्रैल 2025 में पूरा होगा, जिससे वे इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि इस बार भर्ती प्रक्रिया में लागू किए गए नियम पिछली भर्तियों में नहीं थे। इससे वे आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं, जबकि वे पहले से ही ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से चयनित हो चुके थे। उनका आरोप है कि भाई-भतीजावाद के चलते उन्हें पहले ही अवसरों से वंचित किया गया था और अब नए नियम उनकी पात्रता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहे हैं।

## मेडिकल बिलों के भुगतान में गड़बड़ी करने वाले तीन पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज

भोपाल (आरएनएस)। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के लेखा शाखा में पदस्थ तीन पुलिस कर्मी सूबेदार (अ) नीरज कुमार, उनि (अ) हरिहर सोनी तथा सउनि (अ) हर्ष वानखेड़े को मेडिकल देयको के आहरण में गड़बड़ी की आशंका होने पर 08 जनवरी 2025 को निलंबित किया गया था। देयकों में कपटपूर्ण भुगतान पर जांच आदेशित की गई थी। पुलिस मुख्यालय की जांच समिति के द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के बाद जांच प्रतिवेदन में तीनों के द्वारा गलत तरीके से कूट रचित प्रॉलोंग मेडिकल सर्टिफिकेट बनाकर अपने ही खाते में देयकों का भुगतान किया जाना पाया गया। इन तीनों के द्वारा किये गये आपराधिक कृत्य के लिए थाना जहांगीराबाद में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु जांच प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है।

## बजट सत्र की तारीखों का ऐलान, जानिए किस दिन शुरू होगा सत्र

भोपाल (आरएनएस)। बजट सत्र को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. 10 मार्च से बजट सत्र शुरू होने वाला है. 15 दिन के लिए बजट सत्र बुलाया गया. राज्यपाल के अभिभाषण साथ बजट सत्र की शुरूआत होगी। जारी अधिसूचना के मुताबिक, बजट सत्र 10 से 24 मार्च तक चलेगा. जिसमें कुल 9 बैठक होंगी. बताया जा रहा है कि 12 मार्च को आर्थिक सर्वेक्षण और 13 मार्च को बजट प्रस्तुत हो सकता है। मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का पंचम सत्र सोमवार 10 मार्च से आरंभ होकर सोमवार 24 मार्च 2025 तक चलेगा. विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह के अनुसार, इस 15 दिवसीय सत्र में सदन की कुल 9 बैठकें होंगी, जिसमें महत्वपूर्ण शासकीय कार्य संपादित किए जाएंगे।

# शहर में स्कूल बसों की फिटनेस जाँचने के लिये विशेष मुहिम जारी

## फिटनेस के अनुरूप न मिलने पर तीन बसों पर लगाया जुर्माना

### *कलेक्टर ने दिए निर्देश स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता न हो*

ग्वालियर (ए.)। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर स्कूली बसों की फिटनेस जाँचने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर ग्वालियर शहर में विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत परिवहन विभाग की टीम ने गुरुवार को शहर के विभिन्न स्कूलों से जुड़ीं बसों की फिटनेस जाँची। इस दौरान सेंट जोसेफ स्कूल की तीन बसों की फिटनेस मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर इन बसों पर 9 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही मानकों के अनुरूप बसों की फिटनेस सुनिश्चित करने के बाद ही बच्चों का परिवहन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने आरटीओ व यातायात पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्वालियर शहर सहित जिले के सभी स्कूलों में संलग्न स्कूली वाहनों की जाँच कर उनकी फिटनेस सुनिश्चित कराएं। साथ ही स्कूल संचालकों को भी आगाह कर दें कि उन्हीं बसों से बच्चों को आने–जाने की अनुमति दी जाए जो बच्चों के लिये पूरी तरह सुरक्षित है।




अर्थात उनकी फिटनेस बेहतर हो। गुरुवार को आरटीओ की टीम ने निरीक्षण के दौरान बगैर परमिट के चल रही एक बस भी जब्त की गई। बस को पुलिस अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है।

### एसडीएम की गुंडागर्दीः होटल गार्ड पर उठाया हाथ, मोबाइल फेंका, बाद में दी सफाई, वीडियो वायरल

मुरैना (आरएनएस)। मुरैना के सबलगढ़ एसडीएम अरविंद माहौर पर होटल गार्ड के साथ बदसलूकी और मारपीट का आरोप लगा है। यह घटना दो फरवरी की है, जिसका सीसीटीवी वीडियो बुधवार को सामने आया। वीडियो में देखा जा सकता है कि एसडीएम ने गार्ड की कॉलर पकड़कर उसे झटका दिया और थप्पड़ मारने के लिए हाथ उठाया। इस दौरान गार्ड का मोबाइल फोन जमीन पर गिर गया, जिसे एसडीएम ने लात मारकर दूर फेंक दिया। दरअसल, यह घटना मुरैना के इंद्रलोक होटल में हुई, जहां जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले की विदाई पार्टी आयोजित की गई थी। एसडीएम अरविंद माहौर भी इस पार्टी में शामिल होने पहुंचे थे। होटल की पार्किंग में अपनी गाड़ी खड़ी करने के दौरान उन्हें गार्ड विकास शर्मा ने रोक दिया और कहा कि पार्किंग में जगह नहीं है। इस पर एसडीएम भड़क गए और उन्होंने गार्ड के साथ मारपीट की।

# जिले में घर-घर से किसानों को बुलाकर बनवाई जा रही हैं फार्मर आईडी

## ई-केवायसी व भू-लेख से आधार लिंकिंग का भी हो रहा है काम



ग्वालियर (ए.)। जिले के गाँव–गाँव में घर–घर दस्तक देकर एवं विशेष शिविर लगाकर किसानों की फॉर्मर आईडी, ईकेवायसी, भू–लेख रिकॉर्ड की आधार से लिंकिंग व आधार से बैंक खाते लिंक करने का काम किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को जिले की सभी तहसीलों से जुड़े विभिन्न गाँवों में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक सहित अन्य मैदानी कर्मचारी पहुँचे और किसानों की ऑनलाइन फार्मर आईडी बनवाई और ई–केवायसी का काम भी कराया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने लगातार विशेष अभियान जारी रखकर 15 फरवरी तक शतप्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को ग्राम मछरिया व ग्राम तोड़ा की नाथ बस्ती सहित जिले के दूरस्थ गाँवों में विशेष तौर पर फॉर्मर आईडी व ई–केवायसी का काम मैदानी कर्मचारियों ने किया। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्य का निरीक्षण करने पहुँच रहे हैं।

**योजनाओं का लाभ लेने के लिये फार्मर आईडी व डीबीटी जरूरी**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने किसान भाईयों से भी अपील की है कि वे अपनी फॉर्मर आईडी अवश्य बनवा लें। किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ अब उन्ही किसानों को मिलेगा, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री अर्थात फॉर्मर आईडी बन जायेगी। साथ ही पीएम किसान पोर्टल पर ईकेवायसी, भू–अभिलेख रिकॉर्ड की आधार से लिंकिंग एवं बैंक खाते से आधार लिंक कराकर डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) कराना भी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये अब अनिवार्य हो गया है।

## 3 जिंदगी निगल गई मौतः सड़क हादसे में तीन महिला की गई जान, जानिए कैसे काल के गाल में समाए




उमरिया (आरएनएस)। जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया. जहां दो ट्रकों की आमने–सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई. हादसे में ट्रक सवार 3 महिला की जान चली गई, जबकि दोनों ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना पाली थाना क्षेत्र की है. जहां गुरुवार को जीरो ढाबे के सामने दो ट्रकों की जोरदार भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और ट्रक में बैठी तीन महिला की मौत हो गई. जबकि दोनों ड्राइवर केबिन में फंस गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और स्थनीय लोगों ने किसी तरह ड्राइवरों का रेस्क्यू किया और गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचा. जहां दोनों घायलों का इलाज जारी है. इधर, पुलिस ने मृत महिलाओं के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है. फ्लिहाल, पुलिस मृतिकाओं की पहचान में जुटी हुई है।

## जुए के फड़ पर खाकी का छापाः पुलिस ने 7 जुआरियों को दबोचा, कैश समेत 2 लाख का माल जब्त



अनूपपुर (आरएनएस)। अवैध गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है. अनूपपुर में पुलिस ने जुए के फड़ पर दबिश देकर 7 लोगों को धर दबोचा. पुलिस ने मौके से 2,11,140 रुपये का माल बरामद किया है. फ्लिहाल, सभी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को रामनगर थाना पुलिस ने अंजाम दिया है. दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम टांकी के लोहरान तालाब के पास जुआ खेला जा रहा है. जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और सात लोगों को धर दबोचा। इस मामले में वीरेंद्रर मिश्रा, राजेश यादव, राजेश शुक्ला, संजीव उपाध्याय, इंद्रजीत जयसवाल, रजीव राय और कमलेश गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है. इसके पास से 81 हजार 140 रुपये कैश, 6 मोबाइल 3 बाइक जब्त किया गया है. पुलिस ने सभी के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## गर्मी शुरु होने से पहले जल संकटः महिलाओं ने घेरा नगर निगम, गेट पर मटके फोड़ किया विरोध प्रदर्शन



खंडवा (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के खंडवा में गर्मी का मौसम आने से पहले ही जल संकट की समस्या शुरू हो गई है। शहर के चीराखदान मोहल्ले में पीने के पानी की समस्या से परेशान महिलाओं ने नगर निगम आयुक्त के गेट के सामने मटके फोड़ कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में महिलाओं के साथ कांग्रेस पार्षद और निगम में विपक्ष के नेता दीपक राठौर भी विरोध में शामिल रहे है। विरोध कर रही महिलाओं ने आरोप लगाया कि नगर निगम पूरे महीने का जल भर लेती है। लेकिन पानी एक सप्ताह भर भी नहीं मिल पाता है। चीराखदान क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। नलों में पानी नहीं आ रहा है। ना ही वार्ड में कोई मूलभूत सुविधाओं मिल रही हैं। इस लिए आज विरोध में हमने मटके फोड़ों है। निगम के गेट पर बैठकर विरोध किया गया। निगम में विपक्ष के नेता दीपक राठौर ने कहा कि, आज वार्ड नंबर 07 की महिलाएं पानी की समस्या लेकर निगम आई थीं। लेकिन निगम आयुक्त नहीं मिली तो, इन महिलाओं ने गुस्से में आकर उनके गेट के बाहर मटका फोड़ कर अपना विरोध किया। अभी तो गर्मी का मौसम भी नहीं आया है और शहर में जल संकट शुरू हो गया है। शहर में लगातार नर्मदा जल योजना की पाइप लाइन बार बार फूटने के कारण शहर के कुछ वार्डो में पीने के पानी की समस्या देखने को मिल रही है।

### इंदौर थाना बाणगंगा द्वारा किए पुलिस से हुज्जत करने वाले आरोपी गिरफ्तार

इंदौर (आरएनएस)। पुलिस कर्मी के साथ हुज्जत करने वाले अपराध क्रमांक 138 /24 धारा 127( 2), 121, 296, 115(2), 132, 3(5) के आरोपी रवि पिता प्रेम सिंह राठौड़ उम्र 25 साल निवासी 71/1 शिवकंठ नगर और विकास पिता रमेश दबी उम्र 29 साल निवासी 470 दीवाल वाली गली शिवकांत नगर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी विकाश जोबट जिला अलीराजपुर में उप जेल में जेल प्रहरी के रूप में? पदस्थ है। दोनों आरोपी गणों को गिरफ्तार कर दिनांक 7 2 2025 तक का पुलिस रिमांड प्राप्त किया है प्रकरण के शेष दो आरोपी अरविंद और विकास दोनों की तलाश जारी है।

### एमपी के शिवपुरी में एयरफोर्स का फाइटर प्लेन क्रैश, खेत में गिरते ही मिराज-2000 में आग लगी, दोनों पायलट हादसे से पहले कूदे

शिवपुरी (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में बहरेटा सानी गांव के पास एयरफोर्स का एक फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश हो गया। घटना के बाद घायल पायलट की तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें वो मोबाइल पर किसी से बात करते दिख रहे हैं। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें संभाल रखा है। करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई ने बताया कि प्लेन में दो पायलट थे। हादसे से पहले दोनों पायलटों ने खुद को इजेक्ट (बचकर निकले) कर लिया था। दोनों ही सुरक्षित हैं। घटना की जानकारी मिलते ही एयरफोर्स की टीम हेलिकॉप्टर से मौके पर पहुंची और दोनों पायलटों को ग्वालियर लेकर रवाना हो गई। प्लेन कहां उड़ा था और कहां जा रहा था, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। न ही हादसे की वजह पता चली है। एयरफोर्स की ओर से हादसे की जांच के आदेश भी दिए जा रहे हैं।

# व्यापार समाचार

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट; सेंसेक्स 213 अंक टूटा, निफ्टी 23650 से नीचे आया




नई दिल्ली (ए.)। आरबीआई की मौद्रिक नीति के फैसले से पहले सतर्कता और ताजा विदेशी फंड निकासी के बीच बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिर गए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 213.12 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 78,058.16 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 427.29 अंक या 0.54 प्रतिशत गिरकर 77,843.99 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 92.95 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 23,603.35 अंक पर आ गया। रुपया डॉलर के मुकाबले 17 पैसे गिरकर 87.60 (अनंतिम) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

**एमपीसी के फैसले से पहले निवेशकों ने बरती सतर्कता**

सेंसेक्स के शेयरों में भारती एयरटेल, टाइटन, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से पिछड़ गए। अदाणी पोर्ट्स, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंडसइंड बैंक लाभ में रहे। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,682.83 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को मौद्रिक नीति पर विचार–विमर्श शुरू कर दिया है।

# भारत एक अहम एआई बाजार, इस क्षेत्र में बन सकता है लीडर : सैम ऑल्टमैन

नई दिल्ली (ए.)। ओपनएआई के सह–संस्थापक और सीईओ सैम ऑल्टमैन ने बुधवार को कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का एक अहम मार्केट है और कंपनी के लिए वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा बाजार है।

चैटजीपीटी एआई मॉडल के चलाने वाली कंपनी ओपनएआई के सीईओ ने यह बात केंद्रीय रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में एक कार्यक्रम में कही।

इसके अलावा, ऑल्टमैन ने कहा कि भारत एआई मॉडल की रेस में लीडर होना चाहिए।

ऑल्टमैन के मुताबिक, भारत एआई के लिए काफी अहम बाजार है और हमारा दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। मॉडल अभी भी सस्ते नहीं हैं। भारत को इस क्षेत्र में लीडर होना चाहिए।

ऑल्टमैन ने हाल ही में अमेरिका में एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए 500 अरब डॉलर के प्रोजेक्ट 'स्टारगेट' का ऐलान किया है। ओपनएआई यह प्रोजेक्ट अगले चार वर्षों में सॉफ्टबैंक, ओरेकल और एमजीएक्स के साथ मिलकर पूरा करेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, देश में युवा उद्यमी वास्तव में इनोवेशन को अगले स्तर पर पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित कर




रहे हैं,जो लागत को कम करेगा। जब हम चंद्रयान मिशन में लागत कम कर सकते हैं, तो हम एलएलएम क्षेत्र में भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते?

मंत्री ने पिछले महीने घोषणा की थी कि देश छह महीने के भीतर किफायती कीमत पर अपना सुरक्षित स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च कर सकता है। भारतीय एआई मॉडल आने वाले दिनों में देश को एआई समाधानों के अधिक विश्वसनीय तकनीकी पावरहाउस के रूप में उभरने में मदद करेगा। उच्च–स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा द्वारा समर्थित, इंडियाएआई मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग करके घरेलू संदर्भ के लिए स्वदेशी एआई समाधानों को अनुकूलित करने के करीब है। वैज्ञानिक, शोधकर्ता, डेवलपर्स और कोडर्स इस संबंध में कई मॉडल पर काम कर रहे हैं।



## रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा Gold, खरीदने से पहले जान लें ताजा रेट

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रेड टैरिफ के फैसलों के कारण गोल्ड रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। बीते 24 घंटे में 24 कैरेट के 10 ग्राम गोल्ड का भाव 1,300 रुपये से अधिक बढ़ा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा बुधवार को जारी की गई ताजा कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम गोल्ड की कीमत 1,310 रुपये बढ़कर 84,320 रुपये हो गई है, जो कि कल 83,010 रुपये प्रति 10 ग्राम थी।

आईबीजेए के मुताबिक, 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 82,300 रुपये प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 63,800 रुपये प्रति ग्राम हो गई है।

कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय मार्केट में गोल्ड की कीमत रिकॉर्ड 2,880 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है। गोल्ड में तेजी की वजह डॉलर इंडेक्स का कमजोर होकर 107 होना है, जो कि पहले 109 पर था। अमेरिका–चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वार के खतरे के कारण भी उभरी वैश्विक अनिश्चितता भी गोल्ड में तेजी की वजह है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड की कीमतों में जनवरी की शुरुआत के बाद से 8 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिल चुकी है। फिलहाल यह 2,891 डॉलर प्रति औंस पर बना हुआ है। शाह ने बताया कि आने वाले समय में भी गोल्ड में तेजी रह सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड की कीमत 3,000 डॉलर प्रति औंस और घरेलू बाजारों में 88,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है। अमेरिका ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना को 30 दिनों तक टालने पर सहमति व्यक्त की है। हालांकि, अमेरिका चीनी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत ट्रेड टैरिफ लगाने के अपने रुख पर कायम है। दूसरी ओर चीन ने भी जबाव देते हुए कुछ अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ लगाया है। इससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच ट्रेड वार का खतरा बढ़ गया है।

# भारत में तेजी से बढ़ रहा कारोबार, वित्त वर्ष 24 में बड़े पोर्ट्स ने संभाला 819 मिलियन टन कार्गो

नई दिल्ली (ए.)। भारत में कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। देश के बड़े पोर्ट्स ने वित्त वर्ष 2023–24 में 819.23 मिलियन टन कार्गो संभाला है, जो कि वित्त वर्ष 2014–15 में 581.34 मिलियन टन था। यह 3.5 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) को दर्शाता है। यह जानकारी सरकार ने बुधवार को संसद में दी।

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने एक लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि 2023–24 के दौरान संभाले गए कार्गो में 33.80 प्रतिशत लिक्विड बल्क, 44.04 प्रतिशत ड्राई बल्क और 22.16 प्रतिशत कंटेनर कार्गो शामिल था।

उन्होंने आगे कहा कि प्रमुख पोर्ट्स का इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और क्षमता वृद्धि एक सतत प्रक्रिया है जिसमें नए बर्थ और टर्मिनलों का निर्माण, मौजूदा बर्थ और टर्मिनलों का मशीनीकरण, बड़े जहाजों को आकर्षित करने के लिए ड्राफ्ट को गहरा करने के लिए कैपिटल ड्रेजिंग के साथ–साथ सड़क और रेल संपर्क का विकास शामिल है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया, महाराष्ट्र में वधावन पोर्ट को देश में मेगा कंटेनर पोर्ट के रूप में विकसित करने की मंजूरी दी गई है, जिससे नई पीढ़ी के बड़े आकार के कंटेनर जहाजों की आवश्यकता को पूरा किया जा सके।

सरकार ने पिछले चार वर्षों में केंद्र द्वारा संचालित प्रमुख पोर्ट्स और निजी कंपनियों एवं राज्य सरकारों द्वारा प्रबंधित गैर–प्रमुख पोर्ट्स पर संभाले गए कुल कार्गो के आंकड़े पेश किए। देश के सभी पोर्ट्स पर




संभाला गया कुल कार्गो 2020–21 में 1247.72 मिलियन टन से बढ़कर 2023–24 में 1540.23 मिलियन टन हो गया है। इस कार्गो का 819.23 मिलियन टन प्रमुख पोर्ट्स द्वारा और 721 मिलियन टन अन्य पोर्ट्स के माध्यम से संभाला गया था।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने निर्यात से जुड़े उद्योगों के लिए लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें नए बर्थ, टर्मिनल और पार्किंग प्लाजा का निर्माण, मौजूदा बर्थ और टर्मिनलों का मशीनीकरण और आधुनिकीकरण, रेल और सड़क के माध्यम से अंतर्देशीय संपर्क का विस्तार करना शामिल है।


### टोल देने वालों को मिलेगी जल्द राहत, 3000 में सालाना और इतने रुपए में बन सकेगा 'लाइफटाइम पास




नई दिल्ली (ए.)। हाइवे पर टोल चुकाने वालों के लिए राहत भरी खबर है। सरकार जल्द ही आम लोगों के लिए स्कीम लेकर आ रही है। जिससे आपको हाईवे–एक्सप्रेसवे पर बने टोल प्लाजा पर बार–बार टोल टैक्स देने की जरूरत नहीं होगी। एक बार पेमेंट कर आप सालभर तक टोल प्लाजा से गुजर सकते हैं।

जल्द ही आपको मंथली के अलावा सालाना टोल पास बनवाने की सुविधा मिल सकती है। आप चाहे तो लाइफटाइम के लिए टोल पास बनवा सकेंगे। इस पास की मदद से आप पूरे साल भर बिना किसी रुकावट के नेशनल हाइवेज पर सफर कर सकेंगे। वहीं लाइफटाइम टोल पास के जरिए आप 15 साल तक बिना टोल दिए हाईवे पर गाड़ियां दौड़ा सकेंगे। केंद्र सरकार जल्द ही एनुअल और लाइफटाइम टोल पास की सुविधा लाने जा रहा है। वर्तमान में सिर्फ मंथली टोल पास है। जल्द ही सालाना और लाइफटाइम टोल पास की सुविधा शुरू होने जा रही है। इस पास के चार्जेज क्या होंगे इसके बारे में फाइनल रेट्स सामने नहीं आए हैं, लेकिन पर्स्ताव के मुताबिक एनुअल पास के लिए आपक 3000 रुपये तो वहीं लाइफटाइम टोल पास के लिए आपको 30,000 रुपये चुकाना पड़ सकता है। इस अनुअल या लाइफटाइम टोल पास के लिए आपको कोई नया कार्ड खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। फास्टैग के जरिए ही पास को एक्टिवेट कर दिया जाएगा। बता दें कि पिछले दिनों केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने एक इंटरव्यू में टोल देने वाले लोगों को राहत देने की तरफ इशारा किया था।

### बैंकों की ओर से वसूली गई राशि लिए गए कर्ज से कहीं अधिक; भगोड़े कारोबारी विजय माल्या की दलील



बंगलूरू(ए.)। भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने कर्नाटक हाईकोर्ट में बड़ा दावा किया है। शराब कारोबारी ने कोर्ट के सामने बुधवार को दावा किया कि बैंकों की ओर से वसूली गई राशि उनके द्वारा लिए गए कर्ज से कहीं अधिक है। बैंकों का उन पर 6,200 करोड़ रुपये का कर्ज है, लेकिन इससे कई गुना अधिक वसूल किया जा चुका है। माल्या ने उनसे, यूनाइटेड ब्रेवरीज होल्डिंग्स लिमिटेड और अन्य देनदारों से वसूल की गई राशि का ब्योरा मांगा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## एक तीर से दो निशाने

मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए और सद्भाव से रहने की कुंजी एकजुटता है। यह कहना है राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के भिवंडी में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान ध्वाजारोहण के बाद कही। भागवत ने विविधा के संदर्भ में कहा कि गणतंत्र दिवस उत्सव के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर भी है। किसी को दबाया नहीं जाना चाहिए, आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं मगर आपको दूसरों के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। यदि आपका परिवार दुखी है तो आप खुश नहीं रह सकते। अगर आप जीना चाहते हैं तो सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना चाहिए। कुछ ही समय पहले भागवत द्वारा हर धर्म के देवी-देवताओं के सम्मान की भी बात की गई थी, जिस पर विवाद छिड़ गया था। सौहार्द और जिम्मेदारियों को लेकर की गई उनकी बात को लेकर एक बार फिर संदेह किया जा सकता है। संघ के तौर-तरीकों व विवादास्पद विचारों की बजाए भागवत का एकजुटता को लेकर दिया गया भाषण रणनीति भरा व दूरदर्शितापूर्ण कहा जा सकता है। मगर उनके विरोधियों को यह रास नहीं आ सकता। बहुसंख्यकों के हितों पर मुखर रूप से बोलने वाले भागवत अब देश में सभी को साथ रहने और इसे भारत की संस्कृति बताते हैं। हालांकि पिछले दिनों राम मंदिर निर्माण को देश की दूसरी आजादी से जोडने् वाले उनके बयान पर कांग्रेस ने तल्ख टिप्पणी की थी। आरोप लगाया था कि वे संविधान को आजादी का प्रतीक नहीं मानते। यह कहना गलत नहीं है कि भागवत हिन्दुओं के नेता बनने की ललक के चलते विरोधाभाषी या विवादास्पद बयानबाजी करने से चूकना नहीं चाहते। भाजपा के संघ को दरकिनार करने के संकेतों से निपटने के लिहाज से भी वह पलटवार करते नजर आते हैं। कभी एक-दसरे के पूरक रहे भाजपा व संघ के मतभेदों को पाटने के उनके ये प्रयास भी हो सकते हैं। कड़वी गोलियों के दरम्यान कुछ मीठी चीजों को पल्रोभन के लिहाज से देते रहना भागवत की रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है। विपटल पर अपनी छवि सुधारने और जनता के समक्ष अपना महत्त्व बनाये रखने के हथकंडों की उन्हें जरूरत है। जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बीज के दम पर भाजपा की फसल लहलहा रही है। उन बीज को संघ प्रमुख बेकार नहीं होने देना चाहेंगे, न ही उनके उन्नत संस्करणों पर पूरी तरह सत्ताधारी दल को काबिज ही होने देना चाहेंगे। विविधता व सामंजस्य की बात कर वह एक तीर से दो निशाने साधते नजर आ रहे हैं।

# बजट 2025 में कृषि: ग्रामीण समृद्धि और मजबूती का इंजन

नवीन पी. सिंह, एस के श्रीवास्तव

विकसित भारत की आकांक्षा के साथ, वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट का उद्देश्य प्रमुख संरचनात्मक चुनौतियों का समाधान करते हुए लक्षित सुधारों के शुभारंभ के साथ भारत के कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को नवरूप प्रदान करना है। यह बजट किफायती ऋण तक पहुंच बढ़ाने, फसल बीमा का विस्तार करने, कृषि-मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने और 1.52 ट्रिलियन रुपये के आवंटन के साथ संतुलित क्षेत्रीय विकास की प्राप्ति को प्राथमिकता देता है। बजट की प्रमुख विशेषताओं में से एक सब्सिडी वाले कृषि ऋण की सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये प्रति किसान करना है, जिसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को व्यापक बनाते हुए किसान परिवारों को समर्थन देना है। इसके साथ-साथ, सरकार ने वर्ष 2030 तक दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, बजट में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण के लिए प्रोत्साहन के रूप में 109 बिलियन रुपये आवंटित किए गए हैं। बुनियादी ढांचे और उत्पादकता बढ़ाने के लिए 9 बिलियन डॉलर की पांच वर्ष की निवेश योजना के साथ मत्स्य पालन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिला है। सरकार ने दीर्घकालिक उत्पादकता और नवाचार को बढ़ावा देने में कृषि अनुसंधान और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता दी है। वित्त वर्ष 2025-26 में कृषि अनुसंधान और शिक्षा के लिए बजट 10,466.39 करोड़ रुपये है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.05 प्रतिशत की मामूली वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि, सकारात्मक होते हुए भी, आधुनिक कृषि अनुसंधान की बढ़ती जटिलता और पूंजी-परक स्थिति को देखते हुए और अधिक पर्याप्त हो सकती थी।

सबसे पहले, इस बजट में संबोधित की गई एक महत्वपूर्ण चिंता खाद्य मुद्रास्फीति है, जो निरंतर उच्च रही है और यह 2024 के अंत में वर्ष-दर-वर्ष 10 प्रतिशत को पार कर चुकी है। इससे निपटने के लिए, सरकार ने दालों के शुल्क-मुक्त आयात को बढ़ाया है और मूल्य स्थिरता को बनाए रखने के लिए चुनिंदा निर्यात प्रतिबंध भी लगाए हैं। हालांकि, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और खरीद के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से दालों के पक्ष में समानता लाना आवश्यक है।

दूसरा, मौसम की बदलती परिस्थितियों और घटते जल संसाधन जलवायु परिवर्तन के जोखिम इसमें शामिल हैं। कृषि क्षेत्र में मजबूत बनाने की दिशा में अधिक निवेश की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। बजट में किसानों को जलवायु उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और जलवायु-अनुकूल प्रौद्योगिकियों के उपायों की रूपरेखा दी गई है। ये हस्तक्षेप दीर्घकालिक और जलवायु-अनुकूल कृषि कार्यप्रणाली की आवश्यकता की बढ़ती मान्यता को दर्शाते हैं। हालांकि, सरकार प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए और विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से दीर्घकालिक अवधि में सूखे को कम करने के लिए अधिक बजट आवंटित कर सकती थी।




जैविक खेती जैसी योजनाओं के लिए बजट आवंटन के लगभग 50 प्रतिशत वास्तविक व्यय के साथ, बढ़े हुए बजट स्तरों के साथ योजना को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण चिंतन की आवश्यकता है जहां राज्यों को जैविक खेती के लिए वस्तुओं की पहचान के लिए शामिल किया जा सकता है।

तीसरा, यह बजट कृषि और संबद्ध क्षेत्र को बदलने में संघीय व्यवस्था के महत्व पर जोर देता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक हस्तक्षेप की आवश्यकता थी, जिसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) का शुभारंभ हुआ, जिसका लक्ष्य कम उत्पादकता, मध्यम फसल तीव्रता और औसत से कम ऋण मापदंडों वाले 100 जिले हैं। इस योजना में स्वीकार्यता दृष्टिकोण अपनाया गया है और इसके अंतर्गत 1.67 करोड़ से अधिक किसानों को शामिल किए जाने की आशा है। कम विकसित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने से समग्र कृषि विकास पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा।

इस हस्तक्षेप का एक रोचक पहलू पंचायत स्तर पर कटाई के बाद के भंडारण को बढ़ाना है, जिसका उद्देश्य खेत से लेकर बाजार तक कटाई के बाद के नुकसान को कम करना है। रसद संबंधी अक्षमताओं को दूर करते हुए भंडारण सुविधाओं में सुधार करके, सरकार बर्बादी को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास करती है।

चौथा, भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जहां लगभग 65 प्रतिशत आबादी रहती है, कृषि पर बहुत अधिक निर्भर है। हालांकि, इस क्षेत्र को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें छिपी बेरोजगारी (अनुमानित 25-30 प्रतिशत), कम उत्पादकता, अपर्याप्त बुनियादी ढांचा और जलवायु-जनित बाधाएं शामिल हैं। नीति आयोग के अनुसार, लगभग 40 प्रतिशत किसान आर्थिक संकट के कारण खेती छोड़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण मजदूरी प्रति वर्ष 2-3 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ी है, जबकि भारत में कृषि उत्पादकता वैश्विक मानदंड से 30-50 प्रतिशत कम है। ये चुनौतियां बड़े पैमाने पर ग्रामीण-से-शहरी प्रवास में योगदान करती हैं, जिसमें 9 मिलियन से अधिक लोग बेहतर आजीविका की तलाश में वार्षिक रूप से पलायन करते हैं।

इन दबावयुक्त चिंताओं को दूर करने के लिए राज्य सरकारों के सहयोग से एक व्यापक बहु-क्षेत्रीय ग्रामीण समृद्धि और मजबूती कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी आजीविका के अवसरों का सृजन करने के लिए कौशल, निवेश और तकनीकी एकीकरण पर केंद्रित है। कृषि प्रसंस्करण, डिजिटल कृषि और जलवायु-अनुकूल खेती को बढ़ावा देकर इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि प्रवास आर्थिक मजबूरी के बजाय एक विकल्प बन जाए।

पांचवा, किसी भी पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में राज्यों के साथ केंद्र सरकार की भागीदारी महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय प्राथमिकताओं की पहचान करने, संसाधन जुटाने और अंतिम-छोर तक वितरण को सुनिश्चित करने में राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक समन्वित दृष्टिकोण राष्ट्रीय नीति प्रारूप को राज्य-स्तरीय निष्पादन के साथ जोड़ते हुए इसके प्रभाव को अधिकतम करेगा और समावेशी विकास को सुनिश्चित करेगा। यह सहयोग ग्रामीण परिदृश्य को बदलने, आर्थिक मजबूती को बढ़ाने और लाखों लोगों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। पीएमडीडीकेवाई से केंद्र-राज्य सहयोग को मजबूत करने और ग्रामीण एवं कृषि अर्थव्यवस्था में दृढ़ता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आशा है।

छठा, वित्त वर्ष 2026 का बजट, संस्थानों और लक्षित कार्यक्रमों की स्थापना के माध्यम से कृषि उत्पादकता, मूल्य संवर्धन और बाजार पहुंच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख हस्तक्षेपों का उल्लेख करता है। सरकार ने कपास, दालों, फलों और सब्जियों, संकर बीजों पर मिशन बनाने की घोषणा की है। बिहार में एक मखाना बोर्ड को मखाने के उत्पादन और निर्यात के लिए समर्थन दिया जाना है, जो इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण नकदी फसल है। इसी तरह, असम में एक नए उर्वरक संयंत्र से घरेलू उर्वरक उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने की उम्मीद है, जो भारत के उर्वरकों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के अनुरूप है।

इसके साथ-साथ, सब्जियों और फलों के लिए एक व्यापक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है, जिसमें कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे, कोल्ड स्टोरेज और प्रसंस्करण सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह कृषि उत्पादन की मांग-आधारित रणनीतियों की सराहना को दर्शाता है। उच्च उपज वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशन का उद्देश्य बीज प्रतिस्थापन दरों को बढ़ाना और आनुवंशिक उपज क्षमता में सुधार करते हुए प्रमुख फसलों में उत्पादकता अंतराल को दूर करना है। कपास की उत्पादकता में स्थिरता को देखते हुए, उच्च घनत्व वाले रोपण, बेहतर कृषि पद्धतियों और गुणवत्ता वाले बीजों तक बेहतर पहुंच को बढ़ावा देने के लिए कपास उत्पादकता पर मिशन का शुभारंभ किया गया है।



बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय बजट 2025-26 के खिलाफ पटना में प्रदर्शन किया और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की.

# दुनिया के देशों में भारत को अपमानित करने का आरोप

लेखक- सनत जैन

अमेरिका ने भारत के 104 प्रवासियों को सैन्य विमान से भारत वापिस भेज दिया है। अमृतसर में अमेरिकी सेना का माल वाहक विमान भारतीय अवैध प्रवासियों को हाथ पैर बांधकर भारत छोड़कर चला गया है। इस विमान में केवल एक बाथरूम था। विमान की 24 घंटे से ज्यादा की यात्रा थी। 104 अवैध प्रवासी और मात्र एक टॉयलेट में किस तरह से भारत आए होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। भूखे-प्यासे अवैध प्रवासियों को जिस तरह से अमेरिका ने भारत छोड़ा है। उसको लेकर वर्तमान केंद्र सरकार की देशभर में आलोचना हो रही है। हरियाणा के 33, गुजरात के 33, पंजाब के 30, महाराष्ट्र के तीन, उत्तर प्रदेश के तीन तथा चंडीगढ़ के दो अवैध प्रवासियों को अमेरिका की सरकार ने अमृतसर में डिपोर्ट किया है। इसमें 79 पुरुष, 25 महिलाएं हैं, जिनमें 13 बच्चे भी शामिल हैं। यह सभी प्रवासी अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे थे। अमेरिका मे जितने भी अवैध प्रवासी हैं उन्हें अमेरिका की सरकार भारत वापस भेज रही है। अमेरिका में कई देशों के नागरिक अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। अमेरिका इन सभी को देश से बाहर कर रहा है। इससे पहले मैक्सिको एवं एक अन्य देश ने अमेरिका के विमान को उतरने की अनुमति नहीं दी थी। मेक्सिको का कहना था, अमेरिका यदि अवैध प्रवासियों को भेजना चाहता है तो उसकी सूची भेजें, उसके बाद उनके देश में सत्यापन हो जाने के बाद सीमा पर अवैध प्रवासियों को भेजें। मैक्सिको अपने देश के अवैध प्रवासियों को अपने विमान से वापस बुलाएगी। अमेरिका के विमान को जब वहां उतरने की अनुमति नहीं मिली। उसके बाद अमेरिका ने उन देशों के अवैध प्रवासियों को बाहर भेजना रोक दिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के जो अवैध प्रवासी वहां की जेलों में बंद थे, या अवैध रूप से रह रहे थे। उन सबको भारत सरकार ने वापस लेने की सहमति प्रदान कर दी थी। अमेरिका ने भारतीय मूल के अवैध प्रवासियों को सेना के विमान से हथकड़ी लगाकर अमानवीय तरीके से भारत भेजा है। जिसके कारण भारत की आलोचना दुनिया भर में हो रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोस्ताना संबंध हैं। भारत और अमेरिका के बीच कारोबारी संबंध हैं। भारतीय मूल के नागरिक जो अवैध रूप से अमेरिका पहुंचे थे। भारत सरकार ने वापस लेने की सहमति व्यक्त कर दी थी। उसके बाद जिस तरह से अमेरिका ने सेना के मालवाहक विमान में हथकड़ी लगाकर बच्चों और महिलाओं को भी भूखे प्यासे भारत वापस भेजा है, उसकी भारत में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। अमेरिका में 17000 से अधिक भारतीय मूल के प्रवासी, अवैध तरीके से रह रहे हैं। इनके ऊपर अमेरिका में मुकदमा चल रहा है। हजारों लोग अमेरिका की जेलों में बंद हैं। लाखों भारतीय, अमेरिका वेध रूप से गए थे। वीजा अवधि खत्म होने के कारण अब वह अवैध तरीके से अमेरिका में रह रहे हैं। उन्हें भी अमेरिका भारत भेजने की तैयारी कर रहा है। भारत सरकार की भूमिका को लेकर सारे देश में केन्द्र सरकार की आलोचना हो रही है। भारतीय नागरिकों के साथ अमेरिका ने जिस तरह का अपमान किया है, उसे भारत की जनता स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। वर्तमान मोदी सरकार की आलोचना हो रही है। भारत सरकार को स्वयं अवैध प्रवासियों को भारत लाने की व्यवस्था करनी थी। भारत सरकार ने कोई पहल नहीं की। जिस तरह से अमेरिका ने भारतीय मूल के अवैध प्रवासियों को अमेरिका से भारत भेजा है। भारत के राजनीतिक दलों में इसकी बड़ी आलोचना हो रही है। वहीं विश्व गुरु के रूप में जो छवि भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दुनिया के देशों में बनी थी। उसको लेकर सत्ता पक्ष की बड़ी आलोचना हो रही है। भारतीय विदेश नीति की तरह-तरह से आलोचना की जा रही है। भारत के नागरिक अवैध रूप से विदेशों में जिस तरह से पलायन कर रहे हैं।

# आज का राशिफल

मेष राशि: आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। इस राशि के बिजनेसमैन को अचानक कहीं से धनलाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज आपने काम करने के तरीकों में बदलाव लाने से गतिविधियां बेहतर होंगी। आज आप अपनी दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव करेंगे। उधार दिया पैसा मिलने के योग हैं। स्टूडेंट्स को मेहनत के मुताबिक अच्छे नतीजे मिलेंगे।

वृष राशि: आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। साथ ही आज काम में मन लगेगा। आज आप अपनी कार्यकुशलता के दम पर बेहतरीन कार्य पूर्ण करने में सफल होंगे। साथ ही किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको खुशी होगी। कुछ समय अपने रुचिपूर्ण कार्यों में व्यतीत करेंगे। इससे आपको आत्मिक और मानसिक खुशी मिलेगी। अगर आप जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो अच्छे से जांच पड़ताल अवश्य कर लें।

मिथुन राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रहीं कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। आज आपको बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। आज का दिन अनुकूल है लेकिन इसका सदुपयोग करना आपकी योग्यता पर निर्भर करता है। घर की व्यवस्था से जुड़ा कार्य संपन्न हो जाएगा। विद्यार्थियों और युवाओं को अपनी किसी खास प्रोजेक्ट के प्रति उचित सफलता मिलने की संभावना है। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन ठीक है।

कर्क राशि: आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप दिन भर कई तरह के कामों में व्यस्त रहेंगे। आज भागदौड़ से राहत पाने के लिए थोड़ा समय खुद के लिए निकालें। आज अपने निजी कामों को पूरा करने में बिजी रहेंगे। आज फालतू उलझने छोड़कर अपने करियर पर ध्यान देंगे। आज नई-नई जानकारियां मिल सकती हैं। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है।

सिंह राशि: का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सामने कई चुनौतियां आएंगी, आप इनका डटकर मुकाबला करेंगे। आज खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने अंदर नया जोश और ऊर्जा महसूस करेंगे। घर में सकारात्मकता बनाकर रखने के लिए घर की व्यवस्था में भी रुचि लेंगे। विद्यार्थियों की अपने विषयों को लेकर चल रही समस्या दूर होगी। जीवनसाथी आज आपको उपहार देंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। कपड़ा कारोबारियों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कन्या राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज रोजगार में पदोन्नती के अवसर बनेंगे। आज जीवनसाथी और परिवारजनों का सहयोग आपकी कार्य क्षमता को और बेहतर बनाएगा। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। आज ऑफिस में आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। काम करने के तरीकों में कुछ परिवर्तन लाने की जरूरत है।

तुला राशि: आज का दिन आज ठीक-ठाक रहेगा। आज करीबी रिश्तेदारों के साथ मिलकर अच्छी योजनाओं पर विचार होगा। आपका रुका हुआ पैसा मिल सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में रुझान बढ़ेगा। परिवार के साथ मनोरंजक यात्रा का प्लान बनेगा। आज अपना मनोबल मजबूत बनाये रखें, सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। कंपनी की तरफ से आपको विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है, यात्रा लाभदायक रहेगी। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लेकर आया है। आपका चंचल स्वभाव लोगों को प्रभावित करेगा। ज्यादा सोच-विचार करने से समय निकल सकता है, इसलिए योजनाएं बनाने के साथ-साथ तुरंत लागू करने की भी कोशिश करें। आज आपके खर्चों में अधिकता रहेगी। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा, जिससे आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा।

धनु राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के राजनीतिक से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज काम करने से पहले उससे जुड़ी जानकारी जरूर हासिल करें। इससे आपको सफलता मिलेगी। दूसरों की बातों में न आएं। अपने फैसलों को ही सर्वोपरि रखें और अपनी मेहनत पर भरोसा रखें। आज खुद पर कामकाज की एक्स्ट्रा जिम्मेदारी न लें, वरना उलझ सकते है। आज बच्चों का मार्गदर्शन करना जरूरी है। आज आप परिवार के लिए समय निकालेंगे।

मकर राशि: आज का दिन घूमने-फिरने में बितेगा। आज अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। आने वाले दिनों में आपको मेहनत के मुताबिक सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज समस्याओं से घबराने के बजाय सॉल्यूशन खोजने की कोशिश करेंगे। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बन सकता हैं। परिवार के सभी सदस्यों को प्रसन्नता होगी। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पुराने काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज जरूरी कार्यों में लोगों का साथ मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में आप अपने आसपास की परिस्थितियों में बदलाव महसूस करेंगे। पारिवारिक व्यवस्था को लेकर खास योजनाएं बनेंगी। आज आप उचित फैसला लेने में सक्षम रहेंगे। व्यापार को लेकर साझेदार से चल रही अनबन समाप्त होगी। आज अपनी वाणी पर कंट्रोल रखें। दांपत्य जीवन में नई-नई खुशियां आने से मन खुशहाल रहेगा।

मीन राशि: आज का दिन घूमने-फिरने में बितेगा। आज आत्मविश्वास बनाए रखने से काम को अच्छे से पूरा कर पाएंगे। नए लोगों से मुलाकात होगी और रुके काम पूरे होने से रिलेक्स महसूस करेंगे। फालतू खर्चे कम करने की कोशिश करेंगे लेकिन कुछ ऐसे खर्चे भी रहेंगे जिनको रोक पाना मुश्किल होगा। आज अपना मनोबल बनाए रखें। परिवार के सभी सदस्यों को आनन्द की प्राप्ति होगी। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें।

# नशा-विरोधी जन-अभियान की जरूरत

भारत डोगरा

विश्व में प्रति वर्ष विभिन्न तरह के नशे (शराब, तंबाकू, ड्रग्स आदि) से 110 लाख से अधिक मौतें प्रत्यक्ष तौर पर होती हैं, पर यदि अप्रत्यक्ष तौर होने वाली मौतों को भी देखें तो यह क्षति और भी अधिक है।

मौतों के आंकड़ों के अतिरिक्त हमें यह भी देखना है कि नशे से कितने परिवार तबाह होते हैं और इस संदर्भ में सबसे अधिक नुकसान शराब से होता है। जितने लोग एक वर्ष में शराब से मरते हैं, उससे 150 गुणा अधिक वे लोग हैं कि जिनका जीवन शराब के कारण बुरी तरह गड़बड़ा गया है, और उनकी इस हालत की कीमत उनके परिवार को, पत्नी और बच्चों को, बुजुर्ग माता-पिता को भी सहनी पड़ती है।




भारत जैसे देशों में जहां शराब और अन्य नशों की समस्या बढ़ रही है, वहां एक अन्य मुद्दा यह भी है कि बहुत से गरीब परिवारों के बजट शराब और अन्य नशों (जैसे गुटखा) के कारण बुरी तरह बिगड़ जाते हैं। यदि किसी परिवार की औसत एक दिन की आय 500 रुपये है और उसका लगभग आधा हिस्सा शराब और गुटखे में चला जाए तो कैसे निर्वाह होगा। इसी कारण घर में झगड़े होते हैं, मारपीट होती है, और परिवार तबाह होते हैं।

शराब, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा सभी तरह-तरह के कैंसर और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं हृदय रोग, स्ट्रोक आदि के कारण बनते हैं। हाल में अमेरिकी सरकार की चेतावनी में बताया गया कि शराब के कारण 7 से 10 तरह के कैंसर होते हैं। गुटखे से मुंह के विभिन्न तरह के बहुत दर्दनाक कैंसर होते हैं। युनिवर्सिटी कॉलेज (ब्रिटेन) के एक अध्ययन ने हाल में बताया कि केवल एक सिगरेट पीने से जीवन के 20 मिनट कम हो जाते हैं, या 20 सिगरेट का पैकेट पीने से 400 मिनट या 7 घंटे किसी व्यक्ति के जीवन से निकल जाते हैं।

शराब के नशे में बहुत सी दुर्घटनाएं होती हैं जिनसे किसी एक वर्ष में लाखों लोग मारे जाते हैं। शराब के नशे में तरह-तरह के हिंसक अपराध और यौन अपराध होते हैं क्योंकि नशे में भले-बुरे का फर्क समझ नहीं आता है। विश्व में वर्ष 2016 में शराब के कारण हुई मौतों में से 28.7 प्रतिशत चोटों के कारण हुई, 21.3 प्रतिशत पाचन रोगों के कारण हुई, 19 प्रतिशत हृदय रोगों के कारण हुई, 12.9 प्रतिशत संक्रामक रोगों से हुई और 12.6 प्रतिशत कैंसर से हुई। 20 से 29 आयु वर्ग में होने वाली मौतों में से 13.5 प्रतिशत शराब के कारण होती हैं।

सिगरेट-बीड़ी पीने से जो धुआं छोड़ा जाता है, उसका पास के लोगों पर बहुत बुरा असर पड़ता है क्योंकि इस धुएं में अनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्व होते हैं। इस तरह धूम्रपान करने वाले लोगों द्वारा पास के लोगों पर छोड़े गए धुएं से विश्व में एक वर्ष में 12 लाख मौत होती हैं। 65000 बच्चे इस कारण एक वर्ष में मरते हैं और कितने ही अन्य बच्चों के स्वास्थ्य की क्षति होती है। इसी तरह यदि माता-पिता गुटखे और तंबाकू का सेवन करते हैं तो बच्चों को भी कम उम्र में इसकी लत लग जाती है और उनके स्वास्थ्य की तबाही शुरू हो जाती है। गुटखे, तंबाकू, सिगरेट-बीड़ी से जहां गंभीर रोग होते हैं वहां दांतों और मुंह पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है और दिमाग में सिकुडन आती है, उसकी क्षमता कम होती है।

पिता के शराब पीने से बच्चों पर कई दुष्परिणाम होते हैं जैसे अवसाद, भावनात्मक क्षति, अकेलापन। इसके अतिरिक्त बच्चों की शिक्षा और सीखने की क्षमता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उनके द्वारा भी नशा करने की आशंका बढ़ती है।

कुछ अध्ययनों ने शराब के इन सामाजिक दुष्परिणामों की आर्थिक कीमत लगाने का प्रयास किया है जिससे पता चलता है कि शराब के सामाजिक दुष्परिणाम कितने महंगे पड़ते हैं। यूरोपियन यूनियन के लिए वर्ष 2003 में लगाए गए अनुमान में शराब के सामाजिक दुष्परिणामों की कीमत 125 अरब यूरो लगाई गई। अमेरिका के लिए वर्ष 2006 में शराब के सामाजिक दुष्परिणामों की कीमत 233 अरब डॉलर लगाई गई।

एक कुप्रयास कुछ वर्षो से हो रहा है और वह यह है कि शराब के विरुद्ध जो सामाजिक मान्यता सदा से भारतीय समाज में रही है, उस मजबूत और सार्थक परंपरा को ही समाप्त कर दिया जाए। शराब और अन्य तरह के नशे के विरुद्ध जो सामाजिक मान्यता बहुत पहले से रही है, उसे समाप्त नहीं होने देना चाहिए, बल्कि उसे तो और मजबूत करने की जरूरत इस समय है। केवल कानूनी कार्रवाई से शराब के नशे को दूर नहीं किया जा सकता है, इसके साथ नशे के विरुद्ध व्यापक जन-अभियान की भी जरूरत है। यदि पिछले कुछ दशकों को देखें तो समय-समय पर शराब के विरुद्ध बहुत सफल जन-आंदोलन भी हुए हैं। ऐसे सब जन अभियान और आंदोलन बहुत सार्थक तो रहे हैं, पर एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या उनकी निरंतरता को बनाए रखा जा सकता है कुछ समय बाद आंदोलन और अभियान ढीले पड़ते हैं तो शराब की कमाई से जुड़े तत्व फिर हावी हो जाते हैं। शराब का ठेका हटा दिया गया तो भी वे अन्य तरह से अवैध शराब बेचने लगते हैं। अत: यह जरूरी है कि जहां आंदोलन होते हैं और शराब के विरुद्ध लोग एकजुट हों वहां स्थाई तौर पर नशा विरोधी समितियों का गठन हो जाना चाहिए और इनकी मीटिंग भी नियमित तौर पर होनी चाहिए ताकि नशे के विरुद्ध जो चेतना लोगों में आई है, वह बनी रहे।

एक स्पष्ट नीति यह होनी चाहिए कि किसी भी गांव में यदि 50 प्रतिशत व्यक्ति शराब की दुकान के या ठेके के विरुद्ध हस्ताक्षर करते हैं तो वहां शराब का ठेका नहीं खुल सकता है। यदि यह पहले से खुला है तो 50 प्रतिशत लोगों के विरोध का हस्ताक्षरित आवेदन मिलने पर इसे बंद करना चाहिए। इसके साथ जहां भी अवैध शराब बिकती है, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# कबड्डी महासंघ के प्रशासक को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने लिया बड़ा फैसला

## 11 फरवरी तक कार्यभार सौंपने का निर्देश

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश के शौकिया कबड्डी महासंघ का संचालन एक निर्वाचित शासी निकाय को सौंप दिया, अदालत ने स्पष्ट किया कि उसका आदेश निर्वाचित निकाय का समर्थन नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए एक तदर्थ व्यवस्था थी कि महासंघ की संबद्धता बहाल हो जाए और महिला खिलाड़ी इस महीने के अंत में एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग ले सकें। अगस्त 2018 से फेडरेशन को दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) एसपी गर्ग, अदालत द्वारा नियुक्त प्रशासक द्वारा चलाया जा रहा है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) से प्राप्त एक पत्र के बारे में



सूचित करने के बाद गुरुवार का आदेश पारित किया, जिसमें एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) की संबद्धता को बहाल करने के लिए कदम उठाने और ईरान चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों की भागीदारी की अनुमति देने का वादा किया गया था, अगर एक निर्वाचित निकाय प्रशासक से महासंघ का अधिग्रहण करता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने सहमति व्यक्त की। ईरान में 20-25 फरवरी तक होने वाली कबड्डी चैंपियनशिप में महिला खिलाड़ियों की भागीदारी के संबंध में तात्कालिकता के कारण, हम एकेएफआई के नियुक्त प्रशासक न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एसपी गर्ग से अनुरोध करते हैं कि वे महासंघ का प्रभार शासी निकाय को सौंप दें, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह 24 दिसंबर, 2023 को चुनी गई थी।



दिल्ली के जंतर-मंतर पर यूजीसी के मसौदा नियमों के खिलाफ डीएमके छात्र विंग के विरोध प्रदर्शन के दौरान लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि के साथ।

## दिल्ली में केजरीवाल से लोग नाराज, 8 फरवरी को बनेगी भाजपा की सरकार : उपेंद्र कुशवाहा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर बुधवार को चुनाव खत्म होने के साथ ही कई एजेंसियों के एग्जिट पोल सामने आ गए हैं। अधिकतर एग्जिट पोल में दावा किया गया है कि दिल्ली में सत्ता परिवर्तन हो सकता है और अरविंद केजरीवाल सरकार बनाने से चूक सकते हैं। राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने एग्जिट पोल पर कहा, एग्जिट पोल में जो कुछ भी दिखाया जा रहा है, वह बिल्कुल सच के करीब है। जमीनी सच्चाई ये है कि केजरीवाल के खिलाफ लोगों में नाराजगी है। दिल्ली में लोग उनसे नाराज हैं और कई मुद्दे ऐसे भी थे, जिस पर केजरीवाल लोगों को समझा नहीं पाए। इसी के अनुकूल ही एग्जिट पोल भी है। मुझे लगता है कि रिजल्ट आम आदमी पार्टी के खिलाफ ही आएगा। 8 फरवरी के बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने लालू प्रसाद के बयान पर कहा, वह जितनी बार भी तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की बात कहेंगे, उनकी पार्टी उतनी ही कमजोर होगी और लोग भी उनसे दूर होते जाएंगे। अब लालू यादव कुछ भी कहते रहें, ये उनका मामला है। उपेंद्र कुशवाहा ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोगों को दलित से कोई लेना-देना नहीं है। वह सिर्फ दिखावे के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं और भाषण देते हैं कि हम दलितों के साथ हैं। वहीं, एग्जिट पोल को लेकर शिवसेना प्रवक्ता कृष्णा हेगड़े ने कहा, एग्जिट पोल के नतीजों के मुताबिक दिल्ली में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिल रहा है और कांग्रेस-आम आदमी पार्टी का सफाया होने वाला है। कांग्रेस को तो दो सीट मिलने का अनुमान है और ये स्वाभाविक था कि लोकसभा चुनाव के दौरान सभी अवसरवादी पार्टियां एकजुट हुई थीं। बाद में अलग-अलग होकर चुनाव लड़ने लगीं। इन लोगों में एकजुटता नहीं है, ये साफ हो गया है।

## कांग्रेस विधायक राणा गुरजीत के घर आईटी का छापा, कर्मचारियों के फोन कराए बंद; आईटीबीपी के जवान भी मौजूद

कपूरथला (आरएनएस)। पंजाब के कपूरथला से बड़ी खबर सामने आ रही है जहां कांग्रेस विधायक राणा गुरजीत सिंह के घर पर आयकर विभाग ने छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह चंडीगढ़ से आई आयकर विभाग की टीम ने विधायक के सर्कुलर रोड स्थित आवास पर छापेमारी की। आयकर विभाग की टीम के साथ भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवान भी मौजूद हैं। छापेमारी के दौरान आवास के सभी गेट अंदर से बंद कर दिए गए हैं। पंजाब पुलिस को भी इसके बारे में कोई सूचना नहीं दी गई थी। जांच के दौरान विधायक कार्यालय के सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन स्विच ऑफ पाए गए। यह कार्रवाई किस मामले में की गई है, इसके बारे में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## सैफ अली खान हमला मामला : आरोपी शरीफुल इस्लाम की आर्थर रोड जेल में कराई पहचान परेड

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शरीफुल इस्लाम को पुलिस ने बीते दिनों गिरफ्तार किया था। बुधवार को ऑर्थर रोड जेल में शरीफुल इस्लाम की आइडेंटिफिकेशन (पहचान) परेड कराई गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, परेड के दौरान शरीफुल इस्लाम को पहचानने के लिए सैफ की स्टाफ नर्स आरियामा फिलिप और आया जुनू भी वहां पहुंची थीं। बारी-बारी से दोनों के सामने अन्य कैदियों के साथ शरीफुल को भी खड़ा किया गया था। पहचान परेड कोर्ट से अनुमति लेने के बाद तहसीलदार की मौजूदगी में होती है। पुलिस या जेल स्टाफ को पहचान परेड के दौरान मौजूद रहने की इजाजत नहीं होती है। बता दें कि 16 जनवरी को अभिनेता सैफ अली खान पर उनके बांद्रा स्थित आवास में कई बार चाकू से हमला किया गया। इसके बाद तुरंत अभिनेता को लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके शरीर पर चाकू के कई घाव थे। अस्पताल में उनकी सर्जरी की गई थी। उनकी रीढ़ के पास से चाकू का एक टुकड़ा भी निकाला गया था। पुलिस ने हमले के आरोप में शरीफुल इस्लाम (30) को 19 जनवरी को ठाणे से गिरफ्तार किया था। वह बांग्लादेश का नागरिक है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी के पिता ने दावा किया कि उनका बेटा निर्दोष है। उसे फंसाया जा रहा है।

## सट्टा बाजार ने खोला पिटारा, बताया किसकी बन सकती है दिल्ली में सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान की समाप्ति तक औसतन 57.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राष्ट्रीय राजधानी में सुबह से कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान के बाद दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी इसको लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। इस बीच कई चैनलों के एग्जिट पोल सामने आने लगे हैं। ऐसे में राजस्थान का मशहूर फलोदी सट्टा बाजार कहां पीछे रहता। उसने भी दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी,उसपर अपना फैसला सुना दिया है। इस बार इसके लगाए अनुमान की मानें तो इस बार मामला टाइट हो सकता है। आम आदमी पार्टी को 34-36 तो भारतीय जनता पार्टी को 34-36 और कांग्रेस को 0-1 सीट आने का अनुमान है। कुल मिलाकर दोनों ही पार्टियां सरकार बनाती दिख रही हैं, लेकिन बराबर की सीटें दी गई हैं। फलोदी सट्टा बाजार ने चुनाव करीब आता देख दूसरी बार अपना अनुमान बदला है।

## पहले पति से अलग हुई महिला दूसरे हसबैंड से मांग सकती है गुजारा, सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक महिला अपने दूसरे पति से भरण-पोषण पाने की हकदार है, भले ही उसकी पहली शादी वैधानिक रूप से चल रही हो। इस टिप्पणी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के 2017 के आदेश के खिलाफ एक महिला की याचिका स्वीकार कर ली। हाईकोर्ट ने आदेश में महिला को दूसरे पति की कानूनी पत्नी मानने से इन्कार कर दिया था, क्योंकि महिला की पहली शादी वैधानिक रूप से चल रही थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण-पोषण का अधिकार पत्नी को मिलने वाला लाभ नहीं है, बल्कि पति का कानूनी और नैतिक कर्तव्य है। महिला के वकील ने तर्क दिया कि महिला और प्रतिवादी पुरुष वास्तव में विवाहित जोड़े के रूप में रह रहे थे। साथ में एक बच्चे का पालन-पोषण कर रहे थे, इसलिए उसे भरण-पोषण का लाभ दिया जाना चाहिए।

## हरियाणा के डॉक्टर को ब्लैकमेल करने का आरोप, महिला को हाईकोर्ट ने जमानत देने से किया इनकार





चंडीगढ़ (ए.)। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने साइबर सेक्सटॉर्शन मामले में आरोपी एक महिला को नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया है। महिला ने अपने पति के साथ मिलकर कथित तौर पर एक 73 वर्षीय डॉक्टर को ब्लैकमेल किया और वीडियो कॉल के दौरान नग्न वीडियो रिकॉर्ड करके 1 करोड़ रुपये से अधिक की उगाही की। सेक्सटॉर्शन रैकेट के बढ़ने को भयानक और अमानवीय उल्लंघन जो पीड़ित की शर्म को बढ़ाता है बताते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता को नियमित जमानत की रियायत देने के लिए उसे कोई वैध आधार नहीं मिला। न्यायमूर्ति संदीप मोदगिल की एकल पीठ ने कहा कि इस तरह के कृत्य वर्तमान में छवि-आधारित यौन शोषण का सबसे अधिक रिपोर्ट किया जाने वाला रूप हैं - एक प्रकार का ऑनलाइन ब्लैकमेल जो 2021 से प्रचलन में बढ़ रहा है। चिंता का विषय सेक्सटॉर्शन की हालिया घटनाएं हैं, जो लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन सामाजिक संपर्कों में वृद्धि को देखते हुए पूरी तरह से आश्चर्यजनक नहीं हैं। अदालत ने आगे कहा कि शिकारी कमजोर व्यक्तियों, ज्यादातर किशोरों को वीडियो पर स्पष्ट गतिविधि में शामिल करके, उन्हें गुप्त रूप से रिकॉर्ड करके धोखा देते हैं और हेरफेर करते हैं, और फिर इन क्लिपों को ऑनलाइन पोस्ट करने की धमकी देते हैं जब तक कि पीड़ित उनकी वित्तीय मांगों को पूरा नहीं करता है। यह भयानक और अमानवीय उल्लंघन पीड़ित की शर्म को खत्म करता है।

## पत्नी की कथित हत्या करने के आरोप में सॉफ्टवेयर इंजीनियर गिरफ्तार

मुरादाबाद (ए.)। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के बुद्धि विहार इलाके में पत्नी की कथित हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने के आरोप में सॉफ्टवेयर इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सॉफ्टवेयर इंजीनियर रोहित कुमार, उसकी पत्नी रूबी और चार साल की बेटी ओजस्वी मुरादाबाद के बुद्धि विहार में रहते थे। उन्होंने बताया कि रूबी मुरादाबाद के कुंदरकी प्रखंड में बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। उन्होंने बताया कि बुधवार रात रूबी (35) अपने शयनकक्ष में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। यह जानकारी रूबी की मां को उसकी बेटी ओजस्वी ने वीडियो कॉल के जरिए दी, जबकि पति को घटना की जानकारी नहीं थी। पुलिस ने बताया कि खबर मिलते ही रूबी के अभिभावक मुरादाबाद पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि रूबी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी पत्नी के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करते हुए।

## छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में तीन शिक्षक गिरफ्तार

चेन्नई (ए.)। तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के एक सरकारी माध्यमिक विद्यालय में तीन शिक्षकों ने 13 वर्षीय एक स्कूली छात्रा का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपियों को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के खुलासे से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर पांच फरवरी को विरोध-प्रदर्शन किया। स्कूल के शिक्षक तीन फरवरी को छात्रा के घर उसकी लंबी अनुपस्थिति के बारे में पूछताछ करने गए, तब जाकर यह घटना सामने आई।

## जेवर विधानसभा में बनेगी एक और गौशाला, निराश्रित गौवंशों से मिलेगी निजात



नई दिल्ली (ए)। जेवर विधानसभा में एक और गौशाला बनेगी, निराश्रित गौवंशों से निजात मिलेगी, ग्राम धनौरी में लगभग 05 करोड़ की लागत से होगा निर्माण कार्य, अगले सप्ताह होगा टेंडर, लगभग 500 गौवंशों को आसरा मिलेगा। विगत 04 वर्ष पहले ग्राम भट्टा, पारसौल, मुतैना, सक्का, उस्मानपुर, मिर्जापुर, आछेपुर, चांदपुर आदि दर्जनों ग्रामों के किसानों ने जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह के समक्ष यह मांग उठाई थी। अब दर्जनों ग्रामों में आवारा और निराश्रित गौवंशों की समस्या से ग्रामीणों को शीघ्र ही निजात मिलने जा रही हैं। ग्राम धनौरी में 05 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से गौशाला का निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिसका अगले सप्ताह टेंडर जारी होगा। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि ग्राम धनौरी में गौशाला की स्थापना के बाद ग्रामीण क्षेत्र में न सिर्फ आवारा और निराश्रित गौवंश की समस्या में कमी आएगी बल्कि गौवंश का बेहतर सरंक्षण होगा तथा गौशाला बनने से आम जनमानस को छुट्टा गौवंशों की समस्या से भी राहत मिलेगी। इस गौशाला में पेयजल हेतु बेहतर सुविधा होगी।

## बीकानेर कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला : सांडों की लड़ाई में मृत व्यक्ति के परिवार को 33.22 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश, सरकार को माना दोषी

बीकानेर , (आरएनएस)। बीकानेर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने एक अहम फैसले में राज्य सरकार और पंचायत समिति को आवारा पशुओं की समस्या पर लापरवाही के लिए दोषी ठहराया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आवारा पशुओं को नियंत्रित करना प्रशासन की जिम्मेदारी थी, जिसमें विफलता के कारण एक निर्दोष व्यक्ति की जान गई। इस आधार पर, मृतक आसाराम सुथार के परिजनों को 33.22 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया गया है।

कोर्ट के फैसले के प्रमुख बिंदु :

सरकार और पंचायत समिति की लापरवाही : कोर्ट ने कहा कि आवारा पशुओं को गौशालाओं में रखना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और पंचायत समिति की जिम्मेदारी थी, जो सही ढंग से नहीं निभाई गई।

आश्रितों के अधिकारों की रक्षा : मृतक की वार्षिक आय के आधार पर आश्रितों की आर्थिक स्थिति का आकलन किया गया, जिससे उन्हें न्याय दिलाने के लिए 33.22 लाख रुपए का मुआवजा निर्धारित किया गया।



प्रशासनिक जवाबदेही तय : यह फैसला प्रशासन के लिए एक नजीर बन सकता है, जिससे भविष्य में सरकार और स्थानीय निकाय अपनी जिम्मेदारी निभाने के प्रति अधिक गंभीर होंगे।

फैसले का व्यापक प्रभाव : यह फैसला सिर्फ एक परिवार को न्याय दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रशासन को उसकी जिम्मेदारी का अहसास कराता है। यदि स्थानीय प्रशासन अपनी भूमिका निभाने में विफल रहता है, तो ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी रह सकती है।

## पढ़ाई से बचने के लिए स्कूलों को दी थी बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने 9वीं के छात्र को हिरासत में लिया



नोएडा ,(आरएनएस)। नौंवी कक्षा के छात्र ने पढ़ाई से बचने के लिए मंगलवार रात नोएडा सेक्टर -126 स्थित ज्ञानश्री, मयूर पब्लिक स्कूल, द हेरिटेज व स्टेप बाय स्टेप स्कूल को ई-मेल भेजकर बच्चों को क्रूरता से मारने व बम से उड़ाने की धमकी दे दी। अगली सुबह 8:30 बजे स्कूल प्रबंधकों के ई-मेल चेक करते ही होश उड़ गए। पुलिस ने ईमेल भेजने वाले की पहचान एक छात्र के रूप में कर देर रात मामले का खुलासा कर दिया। डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि चारों स्कूल को ई-मेल मंगलवार रात 12 बजे आई थी। सुबह साढ़े आठ बजे प्रबंधन ने सिस्टम पर ई-मेल चेक की तो तुरंत प्रिंसिपल और अन्य पदाधिकारियों को मामले की सूचना दी गई। इस बीच चारों स्कूल में पढ़ाई शुरू हो चुकी थी। प्रबंधन ने पुलिस अधिकारियों को सूचना देकर ई-मेल चेक कराई। चारों स्कूल की ई-मेल में लिखा था कि सभी बच्चों को मारकर बदला लूंगा। स्कूलों की तरफ से बम की सूचना पर एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला, एसीपी प्रवीण कुमार और थाना प्रभारी ने बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वाड और भारी संख्या में पुलिस बल के साथ जांच शुरू कर दी।

## चुनाव आयोग मर गया है, सफेद कपड़ा हमें भेंट करना पड़ेगा, अखिलेश यादव का बड़ा बयान



नई दिल्ली (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह भाजपा का चुनाव लड़ने का तरीका है। चुनाव आयोग मर गया है, सफेद कपड़ा हमें भेंट करना पड़ेगा। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए हरसंभव तरीके अपना रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है और चुनाव आयोग निष्पक्षता दिखाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। आपको बता दे की कल मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव थे ,तब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी । उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में पुलिस मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी शामिल हैं। ऐसे लोगों को तुरंत हटा कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पुलिस अधिकारी की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा था कि चुनाव आयोग तुरंत इस समाचार से जुड़ी तस्वीरों का संज्ञान ले कि अयोध्या की पुलिस मिल्कीपुर में मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। ये अप्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं में भय उत्पन्न करके मतदान को प्रभावित करने का लोकतांत्रिक अपराध है।

## मर्चेंट नेवी के लापता कर्मी का शव समुद्र में पाया गया

नई दिल्ली (ए.)। मर्चेंट नेवी के 23 वर्षीय उस कर्मी का शव अरब सागर में पाया गया जो कुछ दिन से लापता था। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मूल रूप से राजस्थान के निवासी सुनील पचार पिछले साल नवंबर से मर्चेंट नेवी के एक जहाज पर अस्थायी कर्मी के तौर पर काम कर रहे थे। सोमवार की रात पचार जहाज के डेक पर सोने चले गए और बाद में उनका पता नहीं चला। अधिकारी ने बताया कि जहाज पर पचार को नहीं पाकर उनके सहकर्मियों ने यहां 'येलो गेट' थाने में शिकायत दर्ज कराई। बुधवार को कुछ स्थानीय लोगों ने 'ससून डॉक' इलाके में समुद्र में एक शव को देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और दोपहर में शव बरामद किया तथा मृतक की पहचान पचार के रूप में हुई।

## उद्योगों को परेशान करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे पुलिस : फडणवीस



ठाणे (ए.)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को पुलिस को निर्देश दिया कि वह उद्योगों को परेशान और धमकाने वाले लोगों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) लगाने जैसी सख्त कार्रवाई करे, चाहे वे किसी भी पार्टी से जुड़े हों। उन्होंने कहा कि वैश्विक कंपनियों के साथ राज्य के जुड़ाव और राज्य में निवेश के प्रवाह को देखते हुए उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल बनाना आवश्यक है। पुणे के पास नये पिंपरी चिंचवड़ पुलिस आयुक्तालय के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए फडणवीस ने यह भी कहा कि राज्य भर में सभी राजनीतिक दलों द्वारा अवैध रूप से होर्डिंग लगाए जा रहे हैं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे होर्डिंग पर कार्रवाई करनी चाहिए, भले ही उन पर मेरी खुद की तस्वीरें हों। गृह विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे फडणवीस ने कहा कि पुणे के आसपास के उद्योग उत्पीड़न की शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें समय-समय पर उद्योगों से उत्पीड़न, धमकाने और जबरन वसूली के बारे में शिकायतें मिलती हैं। इस तरह की हरकतें किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। चाहे ऐसे लोग हमारी पार्टी (भाजपा) के हों, अजित दादा (अजीत पवार) की पार्टी के हों या (एकनाथ) शिंदे साहब की पार्टी के...इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर कोई उद्योगों को परेशान कर रहा है, तो मकोका के तहत सख्त कार्रवाई करें। इससे कम पर समझौता न करें।

# भाग्य लक्ष्मी' में मलिष्का का किरदार निभाएंगी मेघा प्रसाद

जी टीवी के लोकप्रिय टीवी सीरियल 'भाग्य लक्ष्मी' में नई अभिनेत्री मेघा प्रसाद शामिल हुई हैं। शो की मुख्य अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उन्हें बधाई दी। मेघा, मायरा मिश्रा की जगह लेंगी। मिश्रा ने इस धारावाहिक में नेगेटिव किरदार निभाया है। शो से संबंधित हर एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर करने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो में नए सदस्य के स्वागत के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर मेघा प्रसाद की एक तस्वीर शेयर करते हुए ऐश्वर्या खरे ने कैप्शन में लिखा, भाग्य लक्ष्मी की मलिष्का आपका स्वागत है। मैं शो में आपको देखने के लिए उत्सुक हूं। तस्वीर के साथ ऐश्वर्या ने आमिर खान, रानी मुखर्जी और करीना कपूर स्टारर 'तलाश' फिल्म के गाने 'मुस्कानें झूठी हैं' को भी जोड़ा। भाग्य लक्ष्मी का प्रसारण जी टीवी पर होता है, जिसकी कहानी लक्ष्मी, ऋषि और मलिष्का के ईर्द-गिर्द घूमती है। ऋषि और लक्ष्मी की प्रेम कहानी में मलिष्का नई-नई चालें चलती नजर आती है। इससे पहले शो में लक्ष्मी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो में मेकअप खुद करने पर बात की थी। अभिनेत्री ने बताया था कि वह अपना मेकअप खुद करती हैं और ऐसा करने से उन्हें गर्व के साथ खुशी भी मिलती है।



ऐश्वर्या ने बताया था कि उनके लिए मेकअप का मतलब सिर्फ अच्छा दिखना नहीं है बल्कि यह खुद के प्रति सच्चे रहने और संतुष्टि के लिए भी जरूरी है और हाथ में ब्रश और बगल में कॉफी का कप लेकर आईने के सामने बैठना अभिनेत्री के दिन की शुरुआत करने के पसंदीदा तरीकों में से एक है। खरे ने बताया था, यह मुझे खुद को जमीन जुड़ा रखने, आत्मविश्वासी महसूस कराने और अपने आप में रहने का आनंद लेने का मौका देता है। सादगी की अपनी सुंदरता होती है और खुद को लक्ष्मी के रूप में देखना मुझे गर्व से भर देता है। अभिनेत्री का शो के कलाकारों के साथ खास बॉन्ड है। उन्होंने बताया था कि वह अपनी ऑन-स्क्रीन बेटी त्रिशा सारदा में खुद का एक छोटा संस्करण देखती हैं। ऐश्वर्या ने कहा था, जब से पारो ने हमारे साथ शूटिंग शुरू की है, तब से वह हमारी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा बन गई है। शुरू में मुझे एक बच्चे के साथ शूटिंग करने में संदेह था। लेकिन, वह अपनी उम्र के हिसाब से बहुत प्रतिभाशाली और परिपक्व लड़की है। मुझे लगता है कि हम बहुत समान हैं, हर बार जब मैं उसे देखती हूं, तो मुझे लगता है कि मैं खुद का एक छोटा संस्करण देख रही हूं। ऐश्वर्या ने कहा था, मैं अक्सर उससे कहती हूं- तू बिल्कुल मेरी जैसी है, जब मैं बच्ची थी।

## बेबी जॉन ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक, खर्च करने होंगे 249 रुपये



वरुण धवन, कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ जैसे सितारों से सजी फिल्म बेबी जॉन को बीते साल 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह खास कमाल नहीं दिखा सकी। 180 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 39.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब बेबी जॉन ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे दी है। बेबी ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रेंट पर उपलब्ध है। प्राइम वीडियो पर 249 रुपये में यह फिल्म आप रेंट पर ले सकते हैं। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। बता दें कि बेबी जॉन को कलीस ने निर्देशित किया है,वहीं एटली इसके निर्माता हैं। ये थलापति विजय की तमिल फिल्म थेरी का रीमेक है।

## अक्षय कुमार की स्काई फोर्स का बॉक्स ऑफिस पर कब्जा, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 150 करोड़ का आंकड़ा पार

स्काई फोर्स जनवरी में रिलीज होने वाली एक और फिल्म है जिसे दर्शकों ने देखा और पसंद किया. यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतरती दिख रही है. 160 करोड़ के बजट में बनकर तैयार हुई स्काई फोर्स ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और अब 200 करोड़ के क्लब में शामिल होने के लिए आगे बढ़ रही हैं.सच्ची कहानी पर आधारित यह युद्ध ड्रामा वीर पहाड़िया की डेब्यू फिल्म है जिसमें उन्होंने अक्षय कुमार और सारा अली खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया है. यह फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ विदेशी बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है. फिल्म ने 10 दिनों में 150 करोड़ रुपये से ज्यादा की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की है. मेकर्स ने स्काई फोर्स के 10 दिनों का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है. फिल्म ने 10 दिनों में दुनियाभर में 153 करोड़ रुपये की कमाई की है. वहीं भारत में इसने 119.5 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार की वॉर एक्शन थ्रिलर ने एक सप्ताह में 99.7 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था. 8वें दिन 4.6 करोड़ रुपये का बिजनेस करने के बाद फिल्म 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल हो गई. 8 दिनों में स्काई फोर्स ने 104.3 करोड़ रुपये कमाए. दूसरे शनिवार और रविवार को इसने क्रमश: 7.4 करोड़ रुपये और 7.8 करोड़ का बिजनेस किया. इस तरह 10 दिनों में स्काई फोर्स का भारत में कुल कलेक्शन119.5 करोड़ रुपये रहा.दूसरे मंडे टेस्ट में अक्षय कुमार की फिल्म में लगभग 70.91 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई. फिल्म ने 11वें दिन 1.6 करोड़ कमाए. यह सिलसिला रिलीज के 12वें दिन भी देखने को मिला है. 12वें दिन संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर की निर्देशित फिल्म ने लगभग 1.35 करोड़ रुपये कमाए है।

## मोनालिसा ने रिवीलिंग ड्रेस पहन कराया बोल्ड फोटोशूट, एक्ट्रेस की तस्वीरों ने मचाई इंटरनेट पर तबाही



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपने नए आउटफिट में फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही अक्सर ताबाही मचाता रहता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने रिवीलिंग ड्रेस पहनकर बेहद ही क्लासी फोटोशूट करवाया है। एक्ट्रेस अपने इस अवतार में बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस मोनालिस हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच अपनी कातिलाना अदाओं से कहर बरपाती रहती हैं।

उनका लेटेस्ट लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं।


मोनालिसा की लेटेस्ट शेयर की गई तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लू कलर की रिवीलिंग ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों का स्टाइलिश लुक में बन बनाकर, स्मोकी आई मेकअप और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी अंदाज में पोज देते हुए अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं।

मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। उनका हर एक लुक इंस्टा अकाउंट पर शेयर होते ही फैंस के बीच तबाही मचाने लगता है।

## छावा का दिल दहला देने वाला नया पोस्टर जारी, जख्मों से घायल और खून से लथपथ दिखे विक्की कौशल




विक्की कौशल इन दिनों छावा फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के जरिए वे रश्मिका मंदाना के साथ पहली बार साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म में विक्की छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे, जबकि रश्मिका मंदाना येसूबाई भोसले की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। वहीं अब विक्की कौशल ने अपना नया लुक जारी किया है, जिसे देख फैंस भी हैरान रह गए। सिनेमाघरों में फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेता ने फिल्म से अपना एक नया इंटेंस पोस्टर शेयर किया है। छावा ने विक्की और रश्मिका के प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा बटोरी है और इस नए पोस्टर ने उनकी उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। नए पोस्टर में विक्की का दिल दहला देने वाला लुक देखने को मिला, जिसमें अभिनेता पूरी तरह से खून से लथपथ हैं और उनकी शरीर पर अनगिनत चोटों के निशान भी हैं। वहीं, पोस्टर में विक्की को रस्सी से बांधे हुए सैकड़ों सैनिक पीछे की ओर घसीटते नजर आ रहे हैं। विक्की ने पोस्टर को कैप्शन के साथ साझा किया। उन्होंने लिखा, मिलते हैं छावा दिवस पर। विक्की ने 14 फरवरी को छावा दिवस करार दिया है। फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसने फैंस के बीच फिल्म की रिलीज को लेकर उत्सुकता को बढ़ा दिया। ट्रेलर में मराठों और मुगलों के बीच युद्ध के दृश्य दिखाए गए। वहीं, इससे पहले फिल्म का पहला गाना जाने तू रिलीज हुआ। इससे पहले फिल्म के गाने के दृश्य को लेकर ही विवाद शुरू हुआ। दरअसल, हाल ही में फिल्म एक ऐसे दृश्य के कारण विवादों में घिर गई थी, जिसमें मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज को नाचते हुए दिखाया गया था।

### जुनैद खान और खुशी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म लवयापा की एडवांस बुकिंग शुरु

जुनैद खान और खुशी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म लवयापा जल्द ही थिएटर्स में धमाल मचाने वाली है, और एक्साइटमेंट अपने पीक पर है. जबरदस्त ट्रेलर और सुपरहिट गानों ने पहले ही लोगों का दिल जीत लिया है, जिससे फिल्म को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है. अब जब सबको बेसब्री से फिल्म का इंतजार है, तो इंतजार करने की जरूरत नहीं, क्योंकि लवयापा की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है. तो फटाफट टिकट बुक कर लो और तैयार हो जाओ प्यार और इमोशंस से भरी इस खूबसूरत जर्नी के लिए। जुनैद खान, खुशी कपूर और लवयापा की पूरी टीम फिलहाल फिल्म के प्रमोशन में जुटी हुई है और पूरे देश में धूम मचा रही है. फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज बना हुआ है, और अब ऑडियंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी आ गई है, एडवांस बुकिंग ऑफिशियली ओपन हो चुकी है! बस कुछ ही दिनों में ये मोस्ट अवेटेड रोमांटिक कॉमेडी बड़े पर्दे पर आने वाली है, तो अगर अभी तक टिकट बुक नहीं की, तो देर मत करो, बल्कि जल्दी से अपनी सीट पक्की कर लीजिए! ट्रेड एनालिस्ट की मानें तो, फिल्म पहले दिन 1 से 1.50 करोड़ रुपये का बिजनेस कर सकती है. फिल्म को यू/अ 16+ सर्टिफिकेट मिला है. फिल्म का रनटाइम 2.17 घंटे का है।

## उन्नी मुकुंदन स्टारर मार्को ने ओटीटी रिलीज डेट आउट, मलयालम ब्रूटल ब्लॉकबस्टर सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी



उन्नी मुकुंदन अभिनीत मलयालम ब्लॉकबस्टर मार्को अपने प्रभावशाली नाट्य प्रदर्शन को समाप्त करने के लिए तैयार है और जल्द ही ओटीटी प्लेटफार्मों पर उपलब्ध होगी। निर्माताओं ने फिल्म के दक्षिण संस्करणों के लिए सोनी लिव के साथ एक स्ट्रीमिंग डील को अंतिम रूप दिया है, जो 14 फरवरी 2025 को स्ट्रीमिंग शुरू होगी। हनीफ अदेनी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में उन्नी मुकुंदन मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ युक्ति थरेजा जगदीश कबीर दुहान सिंह सिद्दीकी और अभिमन्यु शम्मी थिलकन प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मार्को, जिसे अपने अति हिंसक दृश्यों के लिए ए रेटिंग दी गई थी, ने 40 दिनों से अधिक समय तक चले अपने नाट्य प्रदर्शन से दुनिया भर में 115 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। फिल्म के मलयालम और हिंदी संस्करणों ने घरेलू बाजारों से क्रमश: 42 करोड़ रुपये और 13 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े लाए हैं। मार्को के ओटीटी संस्करण में हटाए गए दृश्यों को शामिल किए जाने की उम्मीद है, जो बहुत हिंसक होने के कारण कट बनाने में विफल रहे। इनमें से एक दृश्य में अभिनेता रियाज़ खान हैं, जिन्होंने खुलासा किया कि वह उन दृश्यों का हिस्सा थे, जो मार्को के जीवन के दूसरे चरण को दर्शाते हैं, जो फिल्म में नहीं दिखाया गया था। यह देखना बाकी है कि क्या ये दृश्य ओटीटी संस्करण में शामिल होंगे, लेकिन प्रशंसक यह जानने के लिए बेसब्री से रिलीज़ का इंतज़ार कर रहे हैं।

सोनी लिव पर मार्को ओटीटी रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार किया जा रहा है और उम्मीद है कि यह फ़िल्म प्लेटफ़ॉर्म पर सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली मलयालम फ़िल्मों में से एक होगी। अपनी आकर्षक कहानी, प्रभावशाली अभिनय और बेहतरीन ढंग से तैयार किए गए एक्शन दृश्यों के साथ मार्को अपने ओटीटी अवतार में एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है।

## वैलेंटाइन पर अपनी प्रेमिका को दें ये खास तोहफा, हो जाएगी खुश



वैलेंटाइन वीक प्यार और रोमांस का त्योहार होता है. इस दौरान लोग अपने पार्टनर को स्पेशल फील कराने के लिए कई प्रकार के तरीके अपनाते हैं. अक्सर इस अवसर पर लोग अपने पार्टनर को गुलाब, चॉकलेट या टेडी बियर जैसे गिफ्ट देते हैं. लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आपकी प्रेमिका को कोई ऐसा तोहफा मिले जो उसकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो. आज हम आपको कुछ ऐसे हेल्थ केयर गिफ्ट के बारे में बताएंगे जिसे आप अपने प्रेमिका को गिफ्ट कर सकते हैं...

**स्मार्टवॉच या फिटनेस बैंड**

अगर आपकी पार्टनर फिटनेस को लेकर सचेत है, तो इस वैलेंटाइन पर आप अपने पार्टनर को स्मार्टवॉच या फिटनेस बैंड गिफ्ट कर सकते हैं. ये स्मार्टवॉच स्टेप काउंट, हार्ट रेट मॉनिटर, ब्लड ऑक्सीजन लेवल और कैलोरी ट्रैक करने में मददगार है. इसके साथ ही स्ट्रेस लेवल और स्लीप पैटर्न को मॉनिटर करता है।

**स्किन केयर और हेयर केयर किट**

महिलाओं को स्किन और हेयर केयर से जुड़ी चीजें काफी पसंद होती हैं. अगर आप वैलेंटाइन वीक पर कुछ ऐसा देना चाहते हैं जो केमिकल फ्री और हेल्दी हो, तो ऑर्गेनिक स्किन केयर या हेयर केयर किट दे सकते हैं. यह केमिकल-फ्री और नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से बना होता है. जो त्वचा और बालों को हेल्दी बनाता है।

**योगा मैट और मेडिटेशन किट**

अगर आपकी पार्टनर योगा या मेडिटेशन करना पसंद करती हैं, तो आप इस मौके पर एक योगा मैट या मेडिटेशन किट गिफ्ट कर सकते हैं. जो उन्हें मेंटल और फिजिकल हेल्थ को बैलेंस करने में मदद करेगा. नियमित योग करने से स्ट्रेस रिलीफ में मदद मिलेगी और फिटनेस भी अच्छी रहेगी।

## जिम में वर्कआउट के बाद इस वजह से होता है हाथों में दर्द और अकड़न, बचाव के लिए करें ये उपाय



युवाओं में खुद को फिट रखने के लिए जिम जाने का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है. कई युवा जोश में जिम जाकर एकदम से भारी वजन उठाना शुरू कर देते हैं. इससे उनके हाथों में दर्द और अकड़न होने लगती है. कई बार तो ये समस्या इतनी बढ़ जाती है कि हाथ सीधा करना भी मुश्किल हो जाता है. हैवी वेट के लिए ट्रेंड होने में समय लगता है. इसे धीरे-धीरे करना चाहिए. लेकिन कुछ युवा जिम पहुंचते ही बिना ट्रेनर से सुझाव लिए ही हाथों या बाइसेप्स की एक्सरसाइज करना शुरू कर देते हैं. ऐसे में जिम में वर्कआउट के बाद उनको हाथों को सीधा करने में परेशानी होती है. आइए जानते हैं इसके कारण और बचाव के तरीके. वर्कआउट के बाद हाथों को सीधा करने में परेशानी क्यों होती है?

जब कोई जिम में नई एक्सरसाइज तेजी से करना शुरू कर देता है तो इससे मांसपेशियों में दर्द होने लगता है. इसी परेशानी को डोम्स कहते हैं।

**मांसपेशियों में सूजन**

घर या जिम में एक्सरसाइज करते समय उसे ज्यादा बार रिपीट करने से मांसपेशियों में सूजन आ जाती है. या फिर हैवी वर्कआइट या अधिक एक्सरसाइज करने से भी मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड बनना शुरू हो जाता है. बार-बार ऐसा करने से वह हिस्सा कठोर होने लगता है. इसकी वजह से वर्कआउट के बाद हाथों को सीधा करने में परेशानी होती है।

**कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होना**

अचानक हैवी एक्सरसाइज करने से बाइसेप्स की मांसपेशियों को सहारा देने वाली कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होने लगती हैं. इससे भी दर्द या अकड़न की समस्या हो सकती है।

**टेंडिनाइटिस**

जो लोग बहुत ज्यादा बाइसेप्स कर्ल, पुल-अप्स या डेडलिफ्ट करते हैं उनमें टेंडिनाइटिस की दिक्कत होने लगती है. इसमें हाथों की टेंडन्स में सूजन आ सकती है. ये वो नसें होती हैं जो मांसपेशियों को हड्डियों से जोड़ती हैं.

वर्कआउट के बाद हाथों में दर्द से कैसे बचें?

वर्कआउट से पहले अच्छी तरह वार्मअप करें.

वर्कआउट करते समय कुछ दिन हल्की एक्सरसाइज करें.

वर्कआउट के बाद हल्की स्ट्रेचिंग और गर्म पानी से स्नान करें. डाइट में बादाम, केला, पालक को शामिल करें।

# मार्कस स्टोइनिस ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास, चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में थे शामिल



नईदिल्ली(ए.)। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

ये फैसला काफी चौंकाने वाला है, क्योंकि इस खिलाड़ी को चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में शामिल किया गया था। कंगारू टीम के लिए यह बहुत बड़ा झटका है।

स्टोइनिस टी-20 क्रिकेट में अपना पूरा ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। इसी कारण उन्होंने यह फैसला लिया है।

स्टोनिस ने संन्यास लेने के बाद कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे क्रिकेट खेलना एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। उच्चतम स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना कुछ ऐसा है, जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। यह एक आसान निर्णय नहीं था, लेकिन मेरा मानना है कि मेरे लिए वनडे से दूर रहने और अपने करियर के अगले अध्याय पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने का यह सही समय है। मैं सबके समर्थन की बहुत सराहना करता हूं।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, स्टोइन पिछले एक दशक से हमारी वनडे टीम का अहम हिस्सा रहे हैं। वह न केवल एक अमूल्य खिलाड़ी रहे हैं, बल्कि टीम में शामिल होने वाले एक अविश्वसनीय व्यक्ति भी हैं। उन्हें उनके वनडे करियर और उनकी सभी उपलब्धियों के लिए बधाई दी जानी चाहिए।स्टोइनिस के अलावा टीम के एक और ऑलराउंडर मिचेल मार्श चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे। वह चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं।

35 साल के स्टोइनिस ने अपना पहला वनडे मुकाबला साल 2015 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने कंगारू टीम के लिए 71 वनडे मुकाबले खेले। इसकी 64 पारियों में 26.69 की औसत से 1,495 रन बनाने में कामयाब रहे। उनके बल्ले से 1 शतक और 6 अर्धशतक निकले। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 146* रन रहा। उन्होंने 64 पारियों में 43.12 की औसत से 48 विकेट भी अपने नाम किए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/16 का रहा था। स्टोइनिस 2023 विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य थे। उन्होंने 6 मैच की 5 पारियों में 21.57 की औसत से 87 रन बनाए थे। गेंदबाजी में इस खिलाड़ी ने 4 विकेट अपने नाम किए थे। स्टोइनिस ने अपने वनडे करियर में सबसे ज्यादा रन भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ बनाए हैं। उनके बल्ले से 18 मैच की 17 पारियों में 36.50 की औसत से 438 रन निकले हैं। गेंदबाजी में उन्होंने सबसे ज्यादा 13 विकेट लिए हैं।

## वेस्टइंडीज में एक दशक बाद टेस्ट सीरीज खेलेगा ऑस्ट्रेलिया, जुलाई में कैरेबियाई दौरे पर जाएंगे कंगारू

एंटीगुआ (ए.)। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के सीरीज खेलने के लिए इस साल जून और जुलाई में कैरेबियाई दौरे पर आएगा। यह 2015 के बाद से ऑस्ट्रेलिया का वेस्टइंडीज का पहला टेस्ट दौरा होगा। यही नहीं 2015-16 में वेस्टइंडीज के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद दोनों देशों के बीच पहली बार तीन टेस्ट मैचों की सीरीज होगी।

फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए खेले जाने वाली टेस्ट सीरीज का पहला मैच 25 जून से ब्रिजटाउन, बारबाडोस में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट तीन जुलाई से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में और तीसरा टेस्ट 12 जुलाई से किंग्स्टन, जमैका में खेला जाएगा। इसके बाद पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज खेली जाएगी। इसके पहले दो मैच किंग्स्टन में सबीना पार्क 20 और 22 जुलाई को जबकि बाकी तीन मैच 25, 26 और 28 जुलाई को सेंट किट्स के बैसेटेरे में खेले जाएंगे।



## 'भारत में प्रतिभा की गहराई देखना किसी भी कोच के लिए रोमांचक', बोलीं महान चार्लोट एडवर्ड्स

मुंबई (ए.)। मुंबई इंडियंस की मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने बुधवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट में प्रतिभा की गहराई किसी भी टीम के प्रभारी के लिए रोमांचक है। उन्होंने स्वीकार किया कि पहली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की चैंपियन उनकी टीम पिछले साल दूसरे सत्र में उतना अच्छा नहीं खेल पाई जितना उसे खेलना चाहिए था।

मुंबई ने पिछले साल डब्ल्यूपीएल बोली में संस्कृति गुप्ता, अक्षिता माहेश्वरी और दक्षिण अफ्रीका की नादिन डि क्लार्क के साथ जी कमालिनी को टीम में शामिल किया था जो हाल ही में मलयेशिया में संपन्न अंडर-19 टी-20 विश्वकप में तीसरी सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। एडवर्ड्स ने कहा, 'हम अपने साथ जोड़े खिलाड़ियों के साथ नीलामी से बाहर आकर बेहद खुश थे। इस अनुभव के साथ मैं निश्चित रूप से एक बेहतर कोच बन गई हूं। मैंने बहुत कुछ सीखा है। मुझे यह अनुभव बहुत पसंद आया और पूरे टूर्नामेंट में भारतीय घरेलू खिलाड़ियों को बढ़ते हुए देखकर बहुत अच्छा लगा।'

# रोहित शर्मा और विराट कोहली के अंतरराष्ट्रीय करियर पर चैंपियंस ट्रॉफी के बाद होगा फैसला

नईदिल्ली, (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच वनडे सीरीज का आगाज 6 फरवरी से होने जा रहा है। इस सीरीज के बाद टीम चैंपियंस ट्रॉफी खेलेगी।

इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन के आधार पर रोहित शर्मा और विराट कोहली के अंतरराष्ट्रीय करियर का फैसला लिया जाएगा।

इन दोनों खिलाड़ियों पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की कड़ी नजर है। कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को कोई भी फैसला लेने की खूली छूट दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने गंभीर और अगरकर को बेहतरी के लिए कोई भी फैसला लेने की पूरी छूट दे दी है।

एक सूत्र ने कहा, अब आगे बढ़ने का समय है। क्या आपने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में उनका प्रदर्शन देखा? रणजी में उनका प्रदर्शन? अगली 2 सीरीज उनके लिए काफी अहम होने वाली है। कोहली पर भी दबाव होना तय है। अगले एक महीने में उन्हें भी कड़ी परीक्षा से गुजरना है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि टेस्ट टीम में कोहली का भविष्य भी बहस का विषय है। रोहित की तरह अगर कोहली अपना खेल नहीं सुधारते हैं तो कोच गंभीर और अगरकर बड़ा फैसला लेते हुए नजर आ सकते हैं।

कोहली को हर हाल में रन बनाने होंगे नहीं तो वह इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं।

बता दें कि, इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के ठीक बाद ये सीरीज खेली जाएगी।



रोहित और कोहली दोनों ने ग्रुप स्टेज के अंतिम चरण के दौरान अपनी-अपनी रणजी ट्रॉफी टीमों के लिए 1-1 मैच खेला था।

जम्मू कश्मीर के खिलाफ रोहित ने 3 और 28 के स्कोर बनाए थे। दिल्ली की ओर से खेलते हुए कोहली की सिर्फ एक बार बल्लेबाजी आई और वह 6 रन बनाकर हिमांशु सांगवान की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए थे।

अगर रोहित और कोहली इंग्लैंड नहीं जाते हैं तो फिटनेस के आधार पर जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे।

भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पहले वनडे मुकाबले में कोहली नहीं खेल रहे हैं। कोहली को उनके दाहिने घुटने पर चोट लगी है।

ऐसे में उनकी जगह यशस्वी जायसवाल को डेब्यू करने का मौका मिला है। रोहित इस मुकाबले में कप्तान के रूप में उतरे हैं और उनसे एक बड़ी पारी की उम्मीद होगी।

## ऑस्ट्रेलिया को दो और बड़े झटके, मार्श-स्टोइनिस के बाद कमिंस-हेजलवुड भी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, जानें

सिडनी(ए.)। चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने में अब बस कुछ ही दिनों का समय बचा है। 19 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को झटके पर झटके लग रहे हैं। मिचेल मार्श और मार्कस स्टोइनिस के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद अब कप्तान पैट कमिंस और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। कमिंस टखने में चोट से जूझ रहे थे, जबकि हेजलवुड को भी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान चोट लगी थी। अब चैंपियंस ट्रॉफी की 15 सदस्यीय टीम में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को चार बदलाव करने पड़ेंगे। इसकी अंतिम तारीख 12 फरवरी है।

मिचेल मार्श को पीठ में चोट लगी थी और वह इससे उबर नहीं सके हैं, जबकि स्टोइनिस ने गुरुवार को ही वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। ऐसे में चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलियाई टीम की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कमिंस के बाहर होने के बाद अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया स्टीव स्मिथ या ट्रेविस हेड में से किसी को टीम की कमान सौंप सकता है।

## टेस्ट डेब्यू पर टीम की कप्तानी करने वाले खिलाड़ी, महान कैंपबेल के बेटे जॉनाथन ने रचा इतिहास



हरारे (ए.)। जिम्बाब्वे के महान एलिस्टेयर कैंपबेल के बेटे जॉनाथन कैंपबेल को गुरुवार, 6 फरवरी को बुलावायो में आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में जिम्बाब्वे की कप्तानी करने का सम्मान मिला। नियमित कप्तान क्रेग इरविन ने पारिवारिक आपात स्थिति के कारण अंतिम समय में टेस्ट से हटने के बाद 27 वर्षीय जॉनथन को टीम का नेतृत्व करने के लिए कहा था।

टेस्ट क्रिकेट में यह जॉनाथन कैंपबेल का डेब्यू मैच भी है और डेब्यू पर ही वह राष्ट्रीय टीम की कमान संभाल रहे हैं। घरेलू स्तर पर कैंपबेल का फॉर्म शानदार रहा है और उनके पास कप्तानी का अनुभव भी है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रदर्शन कैसा होगा, यह देखने वाली बात होगी। कैंपबेल डेव हॉटन के बाद टेस्ट डेब्यू पर टीम की कप्तानी करने वाले जिम्बाब्वे के दूसरे क्रिकेटर बने।

## विदेश समाचार

### महिला रिपोर्टर की दिलकश आवाज के फैन हुए ट्रंप; बोले- 'ब्यूटीफुल वॉइस', शांति से रहिए

न्यूयॉर्क (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। जिसमें वो अफगानिस्तान की एक महिला रिपोर्टर की तारीफ कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि अफगानिस्तान की इस महिला रिपोर्टर ने सवाल पूछा था, इसी दौरान ट्रंप ने कुछ ऐसा कर दिया कि उस रिपोर्टर समेत वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अफगानिस्तान की एक महिला रिपोर्टर के सवाल को टालते हुए कहा, 'आपकी आवाज़ और लहजा बहुत खूबसूरत है, लेकिन मैं आपकी बात समझ नहीं पा रहा हूंज शुभकामनाएं, शांति से रहिए।' यह घटना उस समय हुई जब ट्रंप अफगानिस्तान और तालिबान को लेकर बात कर रहे थे। उन्होंने एक बार फिर अमेरिका की अफगानिस्तान से वापसी को अमेरिकी इतिहास का सबसे शर्मनाक दिन बताया। अफगानिस्तान पर बात करते हुए ट्रंप ने बताया कि उन्होंने 2019 में कैंप डेविड में तालिबान नेताओं से मिलने की योजना बनाई थी, लेकिन एक अमेरिकी सैनिक की मौत के बाद यह मीटिंग रद्द कर दी। उन्होंने कहा कि तालिबान की हिंसा ने शांति के सभी रास्ते बंद कर दिए। ट्रंप का मानना है कि अमेरिका को अफगानिस्तान में मजबूत मौजूदगी बनाए रखनी चाहिए थी ताकि देश का भविष्य बेहतर हो सकता।

### अमेरिका में वीमेन स्पोर्ट्स में ट्रांसजेंडर्स की एंट्री पर लगाया बैन, ट्रंप ने एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर किए साइन

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर बड़ा फैसला लिया है। ट्रंप ने महिला स्पोर्ट्स में ट्रांसजेंडर्स एथलीट्स की एंट्री बैन करने वाले एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर दिए हैं। ट्रंप के इस आदेश के बाद अब अमेरिका में ट्रांसजेंडर्स महिला वर्ग के खेलों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। यह आदेश उन ट्रांसजेडर खिलाड़ियों पर भी लागू होगा, जो जन्म के समय पुरुष थे और बाद में लिंग परिवर्तन कराकर महिला बन गए।

इस आदेश का नाम 'कीपिंग मेन आउट ऑफ वीमेंस स्पोर्ट्स' हैं, जिसके तहत न्याय और शिक्षा विभागों सहित संघीय एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने की पूरी छूट दी गई है कि फेडरल फंडिंग हासिल कर रही संस्थाएं ट्रंप प्रशासन के नियमों के अनुसार काम करें, जिसमें जेंडर का मतलब जन्म के समय का जेंडर है। इस फैसले के बाद व्हाइट हाउस कैरोलिन लेविट ने कहा कि यह आदेश ट्रंप के उस वादे का नतीजा है, जिसमें उन्होंने महिलाओं को खेलों में समान मौके दिए जाने की बात कही थी।

### डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका, दूसरी बार रोका गया जन्म से नागरिकता खत्म करने वाला आदेश

वॉशिंगटन (ए.)। मेरीलैंड की एक फेडरल जज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जन्मसिद्ध नागरिकता समाप्त करने वाले कार्यकारी आदेश पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दी है। इसका उद्देश्य अवैध अप्रवासियों और अस्थायी वीजा वाले विदेशी विजिटर्स की जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करना था। मैरीलैंड के यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज डेबोरा एल बोर्डमैन ने बुधवार को सुनवाई के बाद ट्रंप के आदेश को रोकने के लिए नागरिक अधिकार समूहों द्वारा दायर याचिका पर एक अस्थायी निरोधक आदेश जारी किया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह आदेश राष्ट्रीय स्तर पर लागू होता है। द वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार, मैरीलैंड का मुकदमा ट्रंप के आदेश के खिलाफ कम से कम छह अलग-अलग संघीय मामलों में से एक है, जिसे कुल 22 डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले राज्यों और आधा दर्जन से अधिक नागरिक अधिकार समूहों द्वारा दायर किया गया।

# बुलडोजर से इतिहास नहीं मिट सकता, पिता मुजीबुर्रहमान के आवास पर हमले के बीच शेख हसीना का यूनुस को करारा जवाब

ढाका (ए.)। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आवामी लीग पार्टी के समर्थकों को संबोधित किया। हालांकि, संबोधन के तुरंत बाद जानकारी सामने आई कि ढाका में प्रदर्शनकारियों ने शेख मुजीबुर रहमान के ऐतिहासिक आवास पर हमला बोला। प्रदर्शनकारियों ने आवास में जमकर तोड़फोड़ की। शेख हसीना ने फेसबुक लाइव के जरिए लोगों को संबोधित किया था। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि उनकी हत्या के लिए बांग्लादेश में आंदोलन शुरू किया गया था। मोहम्मद यूनुस में मुझे और मेरी बहन को मारने की योजना बनाई थी।

शेख हसीना ने कहा कि अगर अल्लाह ने मुझे इन हमलों के बावजूद भी जिंदा रखा है तो कुछ जरूर बड़ा काम करना होगा। अगर ऐसा नहीं होता तो मैं इतनी बार मौत को मात नहीं दे पाती। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने सवाल उठाया था कि लोगों ने उनके घर को आग क्यों लगाई थी? मैं बांग्लादेश के लोगों से इंसाफ मांगती हूं। क्या मैंने अपने मुल्क के लिए कुछ



नहीं किया? हमारा इतना अपमान क्यों किया गया। बता दें कि बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद प्रदर्शनकारियों ने शेख हसीना के आवास में तोड़फोड़ की थी। उनके घर में मौजूद सामानों को लूट लिया गया था। उनके घर को बुलडोजर से ढहा दिया गया।

शेख हसीना ने आगे कहा कि जिस घर में प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की थी, उस घर से मेरी काफी यादें जुड़ी हुई थी। घर जलाया जा सकता है, लेकिन इतिहास को मिटाया नहीं जा सकता। उन्होंने मोहम्मद यूनुस और उनके समर्थकों को चुनौती देते हुए कहा कि वो लोग राष्ट्रीय ध्वज, संविधान को बुलडोजर से नष्ट कर सकते हैं, जिसे हमनें लाखों शहीदों के जीवन की कीमत पर हासिल किया था। बुलडोजर से इतिहास नहीं मिट सकता।

उनके संबोधन के बाद , धानमंडी क्षेत्र में स्थित इस घर के सामने हजारों लोग एकत्रित हुए थे। इस घर को अब एक स्मारक संग्रहालय में बदल दिया गया है और इसे बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक स्थल माना जाता है। प्रदर्शनकारियों ने इंटरनेट मीडिया पर बुलडोजर जुलूस के आह्वान के बाद इस घटना को अंजाम दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सेना के एक समूह ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें हूटिंग का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने पहले इमारत की दीवार पर बने बलिदानी नेता के एक भित्ति चित्र को नुकसान पहुंचाया और लिखा अब 32 नहीं होगा। शेख हसीना बीते पांच अगस्त से भारत में रह रही हैं, जब वह एक बड़े छात्र-नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश से भाग गई थीं।

### बंधक बनाकर इजरायली पुरुषों का किया रेप, हमास के टॉप कमांडर ने तड़पा-तड़पाकर उतारा मौत के घाट

इजरायल(ए.)। इजरायल पर हमले के बाद हमास के द्वारा कुछ इजरायली नागरिकों को बंधक बना लिया गया था। उनमें पुरुष, महिला और बच्चे भी शामिल थे। बंधक के दौरान इजरायली नागरिकों के साथ अत्याचार हुए। हमास के एक समलैंगिक लड़ाके ने बंधक बनाए गए इजरायली पुरुषों का रेप किया। फिलिस्तीनी समूह के गुप्त दस्तावेजों से इसका खुलासा हुआ है। जब हमास के टॉप कमांडर को इसके बारे में पता चला तो अपने गे साथी की पहचान कर उसकी तड़पा-तड़पाकर हत्या कर दी गई। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, हमास के पास ऐसे लड़ाकों की सूची थी जो समलैंगिकता में लिप्त थे। उन्हें इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी। रिपोर्ट के अनुसार, इस यौन अपराध में हमास के 94 लड़ाके शामिल थे। दस्तावेजों में बच्चों के साथ बलात्कार और यातना का भी खुलासा हुआ।

# वाशिंगटन विमान दुर्घटना में सभी 67 मृतकों के अवशेष मिले



वाशिंगटन (ए.)। पिछले हफ्ते वाशिंगटन में हुए यात्री विमान और हेलीकॉप्टर के बीच टकराव में मारे गए सभी 67 लोगों के अवशेष बचाव दल ने बरामद कर लिए हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, इनमें से 66 मृतकों की पहचान की जा चुकी है।

संयुक्त कमांड ने बताया कि उनकी टीमें अब भी दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे को पोटोमैक नदी से हटाने में जुटी हैं। बड़े हिस्सों को निकालने के लिए मंगलवार रात तक काम जारी रहेगा। बुधवार को, जब पर्यावरण और ज्वार की स्थिति अनुकूल होगी, तब मलबा हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इसके बाद ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर के बचे हुए हिस्से को निकालने का काम शुरू होगा।

यह दुर्घटना तब हुई जब बुधवार रात एक यात्री विमान, जिसमें 64 लोग सवार थे, वाशिंगटन के रोनाल्ड रीगन नेशनल एयरपोर्ट पर उतरते समय सेना के हेलीकॉप्टर से टकरा गया। दोनों विमान पोटोमैक नदी में गिर गए। हेलीकॉप्टर में तीन अमेरिकी सैनिक मौजूद थे।

यह 1982 के बाद वॉशिंगटन में हुई सबसे भीषण विमान दुर्घटना मानी जा रही है। इस हादसे की जांच अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड कर रहा है।

गुरुवार को वाशिंगटन के दमकल प्रमुख जॉन डॉनेली ने बताया कि अब बचाव अभियान को राहत और शव बरामदगी अभियान में बदला जा रहा है, क्योंकि इस दुर्घटना में किसी के जीवित बचने की संभावना नहीं है।

उन्होंने बताया कि बुधवार रात 8:48 बजे हवाई यातायात नियंत्रण टावर ने दुर्घटना का अलर्ट जारी किया था, जिसके बाद लगभग 300 बचावकर्मी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने कहा, बचाव दल को बेहद ठंड का सामना करना पड़ा। तेज हवाएं चल रही थीं। पानी पर बर्फ जमी हुई थी, और उन्होंने इन कठिन परिस्थितियों में पूरी रात काम किया।

परिवहन सचिव सीन डफी ने बताया कि हेलीकॉप्टर और विमान दोनों सामान्य मार्ग पर उड़ रहे थे, लेकिन किस वजह से यह टकराव हुआ, इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं है। जांच एजेंसियां इस पर काम कर रही हैं।

### इजरायली हमलों में गाजा के 226 पुरातात्विक स्थल क्षतिग्रस्त, फिलिस्तीनी मंत्रालय का आरोप - हमारी पहचान मिटाने की कोशिश



रामल्ला (ए.)। इजरायली हमलों ने गाजा में 226 पुरातात्विक स्थलों को नुकसान पहुंचाया है। इन स्थलों की मरम्मत में 261 मिलियन यूरो की लागत आने का अनुमान है। फिलिस्तीनी पर्यटन और पुरावशेष मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

मंत्रालय ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि गाजा के 138 सांस्कृतिक विरासत स्थलों को भारी नुकसान हुआ। 61 को मध्यम नुकसान हुआ और 27 को कम नुकसान हुआ। 90 स्थलों को कोई नुकसान नहीं हुआ और वे सुरक्षित हैं।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने इजरायली बलों पर जानबूझकर ऐतिहासिक स्थलों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उसने कहा कि ये स्थल फिलिस्तीनी राष्ट्रीय पहचान के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

मंत्रालय ने सांस्कृतिक विरासत संरक्षण केंद्र के साथ मिलकर गाजा में सांस्कृतिक विरासत स्थलों को नुकसान और जोखिमों की सूची नामक एक रिपोर्ट जारी की।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की टीम के साथ मिलकर एक साल में 13 फिलिस्तीनी विशेषज्ञों ने एक रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट में गाजा के 316 सांस्कृतिक विरासत स्थलों की जांच की गई। इसमें पुरातात्विक स्थल, ऐतिहासिक भवन, संग्रहालय, धार्मिक स्थल, कब्रिस्तान, सांस्कृतिक दृश्य, प्राकृतिक स्थल और लैंडमार्क शामिल हैं। यह जानकारी पर्यटन और पुरावशेष मंत्री हानी अल-हायेक ने दी थी।

## भैरुंदा पुलिस द्वारा अवैध रुप शराब बेचने वाले व आम रोड पर शराब पीने वालों के विरुद्ध की गई बड़ी कार्यवाही



भैरूंदा, नसरुल्लागंज (संजय कलमोर) । अवैध रूप से सार्वजनिक जगह से शराब पीते हुए कार्यवाही की गई वहीं देखा जाए तो अवैध रूप से शराब बेचने एवं परिवहन वाले आरोपी के कब्जे से कुल 114 लीटर कीमती 36,400 /- रुपये व एक सफेद रंग की कार क्र. MP04CM 7201 कीमती 3,00,000 रुपए की जप्त कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार आमरोड पर शराब पीने वालों पर भी 36(बी) आबकारी एक्ट की कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब विक्रय करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे उसी को लेकर एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भैरूंदा घनश्याम दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 06.01.2025 को टीम को रात्रि गस्त में ईलाका भ्रमण ड्यूटी पर मुखविर व्दारा प्रत्यक्ष उपस्थित होकर सूचना मिली कि सिंहपुर मस्जिद के पास तीन तीन लोग गाड़ी लेकर शराब बेचने के लिये खडे है सूचना की तस्दीक सही पाए जाने पर मौके पर पहुंचे जहां एक आरोपी को घेराबंदी कर पकडा व दो अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गए पकडे गए आरोपी से नाम पता पूछने पर अपना नाम रामविलास बारेला पिता नारायण सिहं बारेला उम्र 24 साल निवासी ग्राम पाठतलाई , चकल्दी थाना रेहटी का होना बताया जिसने अपने दोनो साथियो का नाम बताया ओमकार सिसोदिया निवासी पाठतलाई,बलराम बारेला निवासी बगलीखेडा बताया। आरोपी रामविलास के कब्जे से मिली फोर्ड कार को चेक करने पर पीछे डिक्की में 04 पेटी प्लेन देशी सफेद शराब देवास , 05 पेटी बियर सीलबंद देवास , बीच वाली सीट में 05 पेटी बियर सीलबंद की कुल 04 पेटी देसी शराब की जिसमें प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वाटर जो कुल कीमत 16000 रुपए व बियर 10 पेटी कुल कीमती 20400 रुपए कुल 114 लीटर कीमत 36400 रुपए मय सफेद रंग की फोर्ड कार क्रमांक MP04 CM 7201 के जप्त किया जिस पर अप धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कायमी कर विवेचना में लिया गया।

# सैनिकों के त्याग और बलिदान के कारण देश सुरक्षित है : राजस्व मंत्री श्री वर्मा

## >>> राजस्व मंत्री ने शहीद स्मारक का लोकार्पण तथा शहीद जितेंद्र कुमार की प्रतिमा का किया अनावरण

सीहोर(निप्र)। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने ग्राम धामंदा में शहीद नायक जितेंद्र कुमार की प्रतिमा का अनावरण किया तथा शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। ग्राम धामंदा में शहीद नायक जितेंद्र कुमार की स्मृति में 15 लाख रूपये लागत से स्मारक बनाया गया है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि ग्राम धामंदा के वीर सपूत जितेंद्र कुमार तथा उनके परिवार पर सभी को गर्व है। उन्होंने कहा कि इन सैनिकों के त्याग और बलिदान के कारण देश सुरक्षित है और हम सभी चैन की नींद सो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सैनिकों और उनके परिजनों की जिम्मेदारी सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा? कि इस शहीद स्मारक से क्षेत्र के युवाओं को देश सेवा के लिए सेना में जाने की प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने शहीद नायक जितेंद्र कुमार की पत्नी तथा माता-पिता का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। उल्लेखनीय है 08 दिसंबर 2021 को शहीद नायक जितेंद्र कुमार हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हो गए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना को सामरिक दृष्टि से



और अधिक सक्षम बनाया जा रहा है। सरकार सबका साथ, सबका विकास करने की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा के आमजन के राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व महाभियान 1.0 एवं राजस्व महाभियान 2.0 की सफलता के बाद प्रदेश में राजस्व महाभियान 3.0 चलाया गया। जिसमें आमजन के राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए अनेकों हितग्राही मूलक योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया गया।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है एवं उनके लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों को 1250 रूपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों के स्वयं के पक्के घर के सपने को साकार करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है।



शहीद नायक जितेंद्र कुमार के परिजनों को राजस्व मंत्री ने शाल श्रीफल देकर किया सम्मानित।

## राहत भरी खबर-नपा ने विकास शुल्क की राशि घटाने का प्रस्ताव शासन को भेजा

**विकास शुल्क में 50 रुपए वर्गफीट के हिसाब से राशि ली जाती है, लेकिन अब 30 रुपए वर्ग फीट**



सीहोर(निप्र)। गुरुवार को नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मेलन परिषद के सभाकक्ष में करीब 35 से अधिक प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस मौके पर राहत देने वाली खबर यह है कि नगर पालिका ने विकास शुल्क 50 रुपए वर्ग फी के हिसाब से राशि ली जाती है, लेकिन अब उसको 30 रुपए वर्ग फीट करने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित करते हुए शासन को भेजा है। इसके अलावा करोड़ों के विकास के कार्य के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ नगर पालिका भूपेन्द्र दीक्षित सहित समस्त पार्षद और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि शहर का विकास तेजी से हो रहा है। वहीं शहर के आस-पास नई कालोनी बन रही है। पहले नगर पालिका विकास शुल्क के रूप में 50 रुपए वर्ग फीट के हिसाब से राशि ले रही थी, लेकिन अब 30 रुपए करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। शहरवासियों को इससे राहत मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा सीएमओ श्री दीक्षित के अनुसार परिषद के सम्मेलन के दौरान वार्ड क्रमांक 5 में पोस्ट आफिस से लाल मस्जिद चौराहे तक नाली सीसी निर्माण के लिए 42 लाख, रेलवे क्रांसिंग सीवन के पास से पेट्रोल पंप टावर तक पाइप लाइन निर्माण कार्य करीब 63 लाख से अधिक, वर्ड क्रमांक 29 में श्मशान के पीछे बहादुर दांगी से रमेश किराना तक सीसी सड़क निर्माण, रेशम केन्द्र के पास स्टेडियम निर्माण कार्य लागत 491 लाख वित्ती स्वीकृति पुष्टि, इसके अलावा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों की पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत वार्ड क्रमांक दो में ट्रेचिंग ग्राउंड में बाउंड्री वाल-कक्ष निर्माण कार्य के लिए 2.25 करोड़ के काम की स्वीकृति, मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत सीएम मानिट अनुसार मल्टीपरपस स्वीमिंग पुल व जिम निर्माण कार्य लागत 365 लाख के कार्य के संबंध में चर्चा, राज्य आपदा प्रबंधन योजना 2.0 अंतर्गत इंडस्ट्रीयल एरिया से प्रभात एग्रो तक नाला निर्माण कार्य लागत 99.58 लाख के कार्य पर विचार किया गया।

वहीं राज्य आपदा प्रबंधन योजना 2.0 अंतर्गत दुल्हा बादशाह के पास स्टाप डेम निर्माण कार्य लागत 42.91 लाख के कार्य पर विचार, राज्य आपदा प्रबंधन योजना 2.0 अंतर्गत इंग्लिशपुरा ब्रिज से दुल्हा बादशाह ब्रिज तक रिटेनिंग वाल निर्माण, राज्य आपदा प्रबंधन योजना 2.0 अंतर्गत इंग्लिशपुरा ब्रिज से कोतवाली चौराहे पुल से दुल्हा बादशाह ब्रिज तक नाला निर्माण कार्य लागत रुपए 182.98 लाख के विषय पर चर्चा आदि की गई।

# महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन

## सनातन परंपरा में हवन अथवा यज्ञ एक महत्त्वपूर्ण भूमिका : पंडित चेतन



सीहोर(निप्र)। सनातन परंपरा में हवन अथवा यज्ञ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके बिना अधिकांश मांगलिक कार्य पूर्ण नहीं होते हैं। किसी भी मांगलिक कार्य में शुद्धिकरण और भगवान के आह्वान के लिए हवन या यज्ञ आयोजित किया जाता है। हवन इत्यादि में प्रज्वलित की जाने वाली अग्नि मनुष्य के जीवन में विशेष महत्त्व निभाते हैं और इसलिए इन्हें देवता के रूप में भी पूजा जाता है। उक्त विचार शहर के नगर पालिका परिषद स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में समिति के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन यहां पर पहुंचे कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। गुरुवार को नगर पुरोहित यज्ञ आचार्य पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे के मार्ग दर्शन में मुख्य मनोरथी ओम राय, नंदकिशोर शर्मा एवं सुरेश चांसलर, अभिनव फलक राय, रजनीश सुभाष अग्रवाल शामिल थे। जिन्होंने महायज्ञ में आहुतियां दी। इस संबंध में जानकारी देते हुए चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में समिति के अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि यहां पर सात दिवसीय महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को जगत गुरु का मंदिर परिसर में सम्मान किया गया।

## अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण की आज अंतिम तिथि

सीहोर (निप्र)। प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आवेदन करने की तिथि में वृद्धि की गयी है। अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि सामान्य शुल्क के साथ 7 फरवरी, 2025 और विलंब शुल्क के साथ 14 फरवरी निर्धारित की गयी है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने आदेश जारी किये हैं।

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 11 फरवरी को रोजगार, स्व-रोजगार मेला का आयोजन

**विभिन्न कंपनियां 2836 पदों पर करेंगी भर्तियां**

सीहोर(निप्र)। जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल कैरियर सेंटर), जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं आईटीआई सीहोर द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 11 फरवरी 2025 को प्रातः 10:30 बजे से 04 बजे तक युवां संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार- स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में एक्सिस बैंक, वर्धमान फेवरिक्स, आईसीआईसीआई बैंक, ब्रिम एम्प्लॉयविलिटी, श्रीराम फाइनेंस, चेकमेट सिक्योरिटी प्रा.लि., नवभारत फर्टीलाईजर ड्रीमलाईन इंटरप्राजेज, पीपल ट्री ऑनलाईन प्रा.लि., कार्पोरेट स्टेप्स, अरविंद लिमिटेड, टैलेंट सेतु सर्विस, आईपीएस ग्रुप देवास, बोर्न बोन इंटरप्राईजेज, स्किल विजन संस्था के द्वारा बिजनेस डेवलपर मैनेजर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाईजर, स्टोर मैनेजर, एचआर एक्जीक्यूटिव, काउंसलर, मार्केटिंग मैनेजर, मशीन ऑपरेटर, प्रोडक्शन, क्वालिटी लाईन ऑपरेटर, सीएनसी ऑपरेटर सहित हेल्पर के 2836 पदों पर 10वीं, 12वीं, स्नातक, आई.टी.आई., स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पास युवक युवतियों की भर्ती की जाएगी।

इसके लिए 18 वर्ष से 40 वर्ष की आयु वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों के साथ समग्र आईडी एवं 2 पासपोर्ट साईज फोटो के सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पहुंच सकते हैं।

## थाना भैरुंदा पुलिस द्वारा टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट खेल मैदान राला में "सेफ क्लिक" साइबर सुरक्षा अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया



भैरूंदा, नसरुल्लागंज (संजय कलमोर )। जन संवाद, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों एवं ग्राम के नागरिक को सेफ इंटरनेट उपयोग, साइबर अपराध, साइबर अपराध से बचाव के उपाय, साइबर हेल्पलाइन व साइबर क्राइम रिपोर्टिंग प्लेटफार्म की जानकारी दी गई। ग्राम राला के चौपाल एंव शैक्षणिक संस्थानों, में साइबर अवेयरनेस के पंपलेट एवं बैनर भी लगाए पुलिस मुख्यालय द्वारा "सेफ क्लिक" साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं अनुविभागीय अधिकारी दीपक कपूर के मार्गदर्शन में भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम दांगी एवं पुलिस स्टॉफ द्वारा ग्राम राला के चौपाल एवं टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट खेल मैदान, सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, एवं धार्मिक स्थानों में साइबर क्राइम अवेयरनेस से सम्बंधित पंपलेट एवं बैनर लगाए गए।



## कलेक्टर ने आष्टा अनुभाग के स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल सहित अनेक शासकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण

सीहोर(निप्र)। कलेक्टर बालागुरु के. ने आष्टा अनुभाग के विभिन्न शासकीय कार्यालयों, स्कूल तथा आंगनबाड़ियों, अस्पताल, गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों तथा मैदानी अमले को अपने दायित्वों को पूरी गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनके पास आने वाले आमजन के कार्य तथा किसानों के राजस्व संबंधी कार्यों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने स्कूल एवं अस्पताल के निरीक्षण के दौरान कहा कि स्कूल एवं अस्पताल समय पर खुलें तथा लोगों का बेहतर सेवाएं मिलें। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि शासकीय कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हुई महा आरती एवं जगतगुरु का नागरिक अभिनंदन



सीहोर(निप्र)। पंचमुखी हनुमान मंदिर पावर हाउस चौराहा पर जगतगुरु श्री-श्री 1008 यशोदा नंदन महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भगवान श्री पंचमुखी हनुमान की महा आरती एवं जगतगुरु पंडित अजय पुरोहित का नागरिक अभिनंदन किया गया। सर्वप्रथम मंदिर समिति के संरक्षक सहकारिता के स्तंभ रमेश सक्सेना की उपस्थिति में पंचमुखी हनुमान महाराज की आरती प्रारंभ की गई। आरती उपरांत जगतगुरु का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया एवं उपस्थित ब्राह्मणों द्वारा द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ उन्हें मंच पर विराजमान कराया गया। जिसमें पंचमुखी मानस मंडल के संरक्षक श्री सक्सेना, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा मंच आसीन पंडित श्री पुरोहित का शाल श्रीफल बैठकर जन्म दिवस की बधाई प्रेषित कर गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया द्य गुरुदेव के प्रयागराज कुंभ में जगतगुरु मनोनीत होने पर सर्वप्रथम श्री सक्सेना, श्री राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर द्वारा गुरुदेव के जन्मोत्सव पर अपना उद्बोधन एवं बधाई प्रेषित की द्य कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंचमुखी मानस मंडल एवं मंदिर समिति के तरुण गोसाई, अशोक राजपूत ,विनय सक्सेना, विशाल परदेसी, कालू शर्मा अध्यक्ष सार्वभौम सनातन धर्म संसद ,महेंद्र वर्मा मोनू, माखन परमार, आशीष गहलोत, अरुण पांडे, नितेश सेन, शुभम मालवीय राहुल असरी, एवं विप्रजनों में पंडित कमल प्रसाद शर्मा, पंडित गणेश शर्मा पंडित, अशोक जोशी मुख्य पुजारी पंचमुखी हनुमान मंदिर, पंडित संजय व्यास सौरभ शर्मा, आशीष कुशवाहा, अनिल विलय, अशोक पहलवान विजय सक्सेना, छोटू शैलेंद्र पहलवान, बबलू शर्मा एवं वरिष्ठ नागरिकों में मनोज जैन, किशोर कौशल, रामबाबू सक्सेना एवं परमार्थ सेवा समिति के सदस्य के साथ सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित सम्मिलित हुए।

## ऑल इंडिया वुमंस फुटबाल प्रतियोगिता में खेलो इंडिया स्माल सेंटर सीहोर आज खेलेगी सेमीफाइनल मैच

*विजेन्द्र परमार ने किया शहर का नाम रोशन*



सीहोर(निप्र)। महु में जारी आल इंडिया वुमंस फुटबाल प्रतियोगिता में खेलो इंडिया स्माल सेंटर सीहोर टीम शुक्रवार को रायसेन की प्रोफेशनल टीम से सेमीफाइनल खेलेगी, वहीं शहर के फुटबाल खिलाड़ी विजेन्द्र परमार का देश के 15 रैफरी में चयन हुआ है। यह जिलेवासियों के लिए गर्व का विषय है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि महु में खेली जा रही आल इंडिया वुमंस फुटबाल प्रतियोगिता में सीहोर सेंटर की टीम ने अपने चार में से दो मुकाबले जीते है और दो मैच ड्रा रहे है। जिससे वह प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुकी है।

अब शुक्रवार को आल इंडिया वुमंस फुटबाल प्रतियोगिता में खेलो इंडिया स्माल सेंटर सीहोर टीम सेमीफाइनल मुकाबला रायसेन के खिलाफ खेलेगी। इधर एक अन्य उपलब्धि में तीन बार नेशनल खेलने वाले परमार ने देश के 15 चयनीत रैफरी में अपना स्थान पक्का किया है, अब वह आल इंडिया स्तर पर होने वाली फुटबाल प्रतियोगिता में रैफरी की भूमिका का निर्वाहन करेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, विपिन पवार, आनंद उपाध्याय, अरुण राठौर, कमलेश अग्रवाल आदि शामिल है।

# जगद्गुरु पंडित अजय पुरोहित का नपा सभाकक्ष में स्वागत कार्यक्रम



सीहोर(निप्र)। शहर का नाम देश में रोशन करने वाले और जन-जन में सनातन को वृद्धि करने वाले जगद गुरु पंडित अजय पुरोहित का गुरुवार की सुबह नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में सम्मान किया।

इस मौके पर विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी शामिल थे। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि यह हमारे शहर के लिए सौभाग्य है कि प्रयाग राज के महाकुंभ में विशेष अभिषेक के बाद क्षेत्र की आन, बान और शान पंडित श्री पुरोहित को जगद गुरु की उपाधि मिली है।

वहीं सम्मान कार्यक्रम के दौरान जगद गुरु पंडित श्री पुरोहित ने कहा कि हमारे नगर पालिका अध्यक्ष तीसरे खेड़ापति है, दो खेड़ापति तो शहर में है जिसमें खेड़ापति मंदिर, दूसरे नगर पुरोहित पृथ्वी वल्लभ दुबे और तीसरे अब नपाध्यक्ष श्री राठौर है, इसके अलावा हमारे सभी पार्षद भी अपने-अपने क्षेत्र के खेड़ापति की तरह कार्य कर रहे है। शहर को विकसित और सुंदर बनाने के लिए हम सबकी जिम्मेदारी है।

## शासकीय महाविद्यालय में आउटसोर्स पदों पर नियुक्ति



भैरूंदा, नसरुल्लागंज (संजय कलमोर )। शासकीय महाविद्यालय, भेंरूदा में एमपी सेडमैप द्वारा 7 अशैक्षणिक व आउटसोर्स पदों पर नियुक्त कि गई जिसमें प्रमुखता से 5 प्रयोगशाला तकनीशियन के रूप में दीपक तंवर, बृजेश गंगोत्री, देवाशीष बांकरिया, अभिषेक बांकरिया, धीरज बांकरिया एवं 2 प्रयोगशाला परिचारक के रूप में नितेश मालवीय, दिनेश हरियाले को नियुक्त दी गई द्य महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बी. एस. हरियाले एवं समस्त स्टाफ ने नवनियुक्त कर्मचारियों को पुष्पहार से स्वागत करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी गई।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com